## खबर संक्षेप

### 8 निजी स्कूलों की मान्यता रद्दा, छात्रों का सरकारी स्कूलों में होगा प्रवेश

**कटनी।** जिला शिक्षा अधिकारी एसएस मरावी ने जिले में 2025-26 के लिए 8 निजी हाई स्कूलों एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों की मान्यता नवीनीकरण न होने के कारण, इन स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों को निकटवर्ती सरकारी स्कूलों में 7 दिनों के भीतर दाखिला कराने के निर्देश सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को दिये हैं। निर्देश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि कोई भी छात्र प्रवेश से वंचित नहीं रहना चाहिए। यदि कोई छात्र इस प्रक्रिया से छूट जाता है, तो इसके लिए संबंधित अधिकारी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिन स्कूलों की मान्यता रद्द हुई है, उनमें डॉ. ए.डी. बैरागी हाई स्कूल हथियागढ़, सेंट अब्राहम पब्लिक स्कूल कटनी, सिंधी हाई स्कूल नई बस्ती, कैमोर हाई स्कूल, एसीसी हाई स्कूल कैमोर, सर्वोदय हाई स्कूल भजिया, सुकृति हाई स्कूल डोली और श्रीराम इंटरनेशनल स्कूल कटनी शामिल हैं।

### लापरवाह कृषि विस्तार अधिकारी निलंबित

**कटनी।** किसानों को यूरिया खाद वितरण के दौरान हुई अव्यवस्था के मामले में कर्तव्य में लापरवाही बरतने के मामले को गंभीरता से लेते हुये कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती सीमा चौधरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। श्रीमती सीमा चौधरी की ड्यूटी उर्वरक विक्रय केंद्र, विपणन सहकारी समिति, कृषि उपज मंडी कटनी में लगाई गई थी। मंगलवार को सुबह से ही किसान यूरिया खाद खरीदने के लिए केंद्र पर मौजूद थे। उसी समय झुकेही रैक पॉइंट से आवंटित यूरिया से भरा एक ट्रक भी केंद्र पर आया। खाद लेने हेतु किसानों द्वारा आक्रोश जताया गया। बाद में पुलिस के हस्तक्षेप के बाद स्थिति को शांत किया गया। इस पूरी घटना के दौरान श्रीमती चौधरी उर्वरक विक्रय केंद्र पर उपस्थित नहीं थीं। कलेक्टर ने इस दौरान श्रीमती चौधरी की अनुपस्थिति को इस अव्यवस्था का मुख्य कारण मानते हुये उनके इस कृत्य को पदीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का उल्लंघन माना गया है, जो म.प्र. सिविल सेवा के तहत कदाचार की श्रेणी में आता है। कलेक्टर ने श्रीमती चौधरी को म.प्र. सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उनका मुख्यालय अनुविभागीय अधिकारी (कृषि), अनुविभाग कटनी निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत विद्यालय प्रांगण में किया गया पौधारोपण



**कटनी।** विकासखण्ड बहोरीबंद के ग्राम टिकरिया स्थित शासकीय विद्यालय प्रांगण में बुधवार को ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के अंतर्गत 20 पौधों का रोपण किया गया। यह पौधारोपण कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। ब्लॉक समन्वयक अरविन्द शाह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुये रोपे गये पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी। साथ ही, आगामी हर घर तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन हेतु विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर ग्राम सरपंच सुरेश कुमार कोल, पंचायत सचिव पुष्पराज हल्दकार, नवांकुर संस्था से सरजू श्रीवास, प्रभारी प्राचार्य कमला प्रसाद रैदास, शिक्षक संजय कुमार पटेल, प्रस्फुटन समिति के मुकेश कुमार यादव, ललित कुमार यादव, आकाश कोल, गीता कोल, जानिक कोल, सुलेखा यादव, शानू कोल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सचिव पदस्थ है और न ही रोजगार सहायक, पंचायत भवन पड़ा वीरान

# देवरी मंगेला पंचायत में दो महीने से लटक रहा ताला, भटक रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान




जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत देवरी मंगेला में प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ी है। पिछले दो महीनों से पंचायत भवन में ताला लटका हुआ है, जिससे ग्रामीणों के जरूरी कार्य अधर में लटके हुए हैं। पंचायत में न तो पंचायत सचिव पदस्थ है और न ही रोजगार सहायक। इससे ग्रामीणों को प्रमाण-पत्र सत्यापन, मजदूरी भुगतान, पेंशन आवेदन जैसे अन्य कार्यों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार पंचायत कार्यालय पहुँचने पर ताले लटके ही मिलते हैं और उन्हें मजबूरी में सरपंच या पूर्व सचिव के चक्कर लगाने पड़ते हैं, लेकिन वहाँ भी कोई समाधान नहीं निकल रहा। गांव में ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देने के लिए लाखों की लागत से बनाया गया ई-कक्ष पूरी तरह निष्क्रिय पड़ा है। कंप्यूटर, प्रिंटर, टेबल-कुर्सियाँ और अन्य सामग्री बिना उपयोग के नष्ट होने के कगार पर है। पंचायत भवन पर ताले की स्थिति देख सरकारी योजनाओं की पहुंच शून्य हो गई है।

### सचिव का हुआ तबादला, नई नियुक्ति नहीं होने से मुसीबत

ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत में पदस्थ सचिव संदीप अग्रहरि का तबादला हो चुका है, लेकिन अब तक नए सचिव की पदस्थापना नहीं की गई। वहीं, पंचायत में ग्राम रोजगार सहायक की भी नियुक्ति नहीं हुई है, जिससे पंचायत संचालन पूरी तरह प्रभावित है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने जनपद पंचायत से लेकर जिला मुख्यालय तक कई बार शिकायतें कीं, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं आया। इससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति गहरा रोष और अविश्वास देखने को मिल रहा है।

### इनका कहना है

इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ ढीमरखेड़ा यजुवेंद्र कोरी का कहना है कि देवरी मंगेला में पदस्थ सचिव का तबादला होने के बाद दूसरे सचिव की व्यवस्था के लिए जिले को पत्र भेजा गया है। जल्द ही पंचायत में सचिव की पदस्थापना की जाएगी।



## ट्रक की टक्कर लगने से एक्टिवा सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत

### माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पीरबाबा के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पीरबाबा के पास बुधवार की शाम एक दर्दनाक हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। हादसा शाम करीब साढ़े चार बजे हुआ। बताया जाता है कि तेज रफ्तार ट्रक की ने एक्टिवा में सवार दो युवकों तो जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनो कि मौके पर ही मौत हो गई। माधवनगर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उबरा निवासी आदित्य चतुर्वेदी एवं शुभांग मिश्रा बुधवार शाम एक्टिवा से पीरबाबा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ट्रक की ठोकर लगने से दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि हादसा इतना भयावह था कि युवक का सिर धड़ से अलग हो गया। हादसे की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आवश्यक कार्यवाही कर शवों को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया।

### बरही थाना का मामला, पुलिस की कार्यप्रणाली से लोगों में था भारी आक्रोश

## मारपीट में घायल युवक की मौत के बाद आक्रोशित लोगों थाना में किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मारपीट में घायल की इलाज के दौरान घायल की मौत हो जाने के बाद आक्रोशित लोगों ने थाने का घेराव कर दिया। बुधवार की सुबह करीब 11 बजे कुठिया-मोहगवा के सैकड़ो ग्रामीण शव लेकर बरही थाना पहुँच गए और मारपीट करने वाले आरोपियों को पकड़ने और उनके घर सरकारी जमीन से जमीदोज करने की मांग करने लगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने ग्रामीणों का आक्रोश शांत कराते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार बरही थाना क्षेत्र के ग्राम कुठिया मोहगवा निवासी 42 वर्षीय उमादत्त उपाध्याय पिता स्वर्गीय सत्यनारायन उपाध्याय का विवाद कटहल की डाल को काटने को लेकर पड़ोसी काछी परिवार से हुआ था। पड़ोसी राजकुमार पिता संतोष काछी, संतोष पिता रिसई काछी, पुष्पा पति संतोष काछी ने एक राय होकर उमादत्त को बेरहमी से पीट डाला था, पीड़ित शिकायत करने बरही थाना पहुँचा था, लेकिन बरही पुलिस ने मामला दर्ज न करते हुए उसे भगा दिया था, घटना के 2 दिन बाद पुलिस ने महज एनसीआर काटकर रस्म अदायगी की थी।

परिजनों का आरोप हैं की घटना का वीडियो पड़ोसी के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ था। कैमरे की रिकॉर्डिंग पुलिस अधीक्षक को भेजने के साथ ही सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस ने मारपीट का मामला 8 दिन बाद दर्ज किया था।

पीड़ित का मारपीट के बाद पहले कटनी फिर जबलपुर में उपचार चल रहा था। पेट की नसो में गंभीर चोट थे। पीड़ित की उपचार के दौरान बुधवार सुबह मौत हो गईं, जिसके बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव को बरही थाना में रखकर आरोपियों की गिरफ्तारी की माँग और हत्या का मामला दर्ज करने की माँग कर रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए बरही पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाई करने में जुट गईं हैं।

## श्रीराम मंदिर में भजन कीर्तन का हो रहा आयोजन



सिलौंडी के सबसे प्राचीन मंदिर श्रीराम मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी सावन माह में भगवान श्री राम के बाल स्वरूप की मूर्ति को झूला लगाकर भगवान को भक्त झूला झुला रहे है। रात्रि में भजन कीर्तन और सीता राम का कीर्तन चल रहा है । गांव की महिलाए ,पुरुष और बच्चे भगवान को झूला झुला कर आनंद कर अनुभव कर रहे है । क्षेत्र के प्रसिद्ध गायक ,ढोलक और अन्य कलाकार एक से एक बढ़कर भजन से भक्तों का मन मोह रहे है । इसी तरह हर साल सावन में भगवान का झूला लगता है और बड़ी संख्या में भक्त आकर उनका पूजन अर्चन करते है। इस दौरान पुरोहित ओम प्रकाश दुबे ,पूर्व सरपंच राधा राय ,गांव के वरिष्ठ बीरबल राय ,अनिल राय ,बादशाह राय ,अरविंद राय ,किशन राय ,शिव कुमार राय ,नीरज राय ,दुर्गा श्रीवास ,अनुराग शर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्त रहे ।

## कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर परिचर्चा, पोस्टर और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक प्रेरक परिचर्चा और देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. माधुरी गर्ग ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय अस्मिता, साहस और एकता का प्रतीक है। डॉ. विनय वाजपेई ने युवाओं को कारगिल की घटना के पीछे के कारणों पर प्रकाश डाला और कहा कि हमारे भीतर राष्ट्रनिर्माण की चेतना तभी आएगी, जब हम शहीदों की गाथाओं से प्रेरणा लें। वहीं डॉ. सरदार दिवाकर ने कारगिल युद्ध को भारतीय सेना की जुझारू शक्ति का प्रमाण बताया। जबकि डॉ. विजय कुमार ने कहा कि देश के लिए समर्पण ही सच्ची श्रद्धांजलि है।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने 'ऐ मेरे वतन के लोगों', 'कर चले हम फिदा' जैसे देशभक्ति गीतों के माध्यम से शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। तथा शेष प्रतिभागियों को पेन देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन विनोद लोधी ने किया और डॉ. शैलजा कटारे ने आभार व्यक्त किया।

### विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## ऑंगनवाड़ी केंद्रों में सुपोषण दिवस का आयोजन, कुपोषण से बचाने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

1 से 7 अगस्त तक महिला बाल विकास विभाग द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसके तहत आँगनबाड़ी केंद्रों मे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को आँगनबाड़ी केंद्रों पर सुपोषण दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया जहाँ जन्म के तत्काल बाद बच्चे के लिए माँ के दूध के महत्व विषय पर गीत के माध्यम से चर्चा करते हुए माँ का पहला दूध अमृत समान बताया।



तेवरी सेक्टर के आँगनबाड़ी केंद्र खम्हरिया मे पर्यवेक्षक पुष्पा आरख ने महिलाओ को बतलाया कि माँ का दूध बच्चों को सुपोषित व स्वस्थ रखता है, जिसके बारे में न केवल माता बल्कि पिता व अन्य सदस्यों को भी जागरूक होना चाहिए। 6 माह तक केवल माँ का दूध बच्चे का सम्पूर्ण आहार होता है। जन्म होने पर घुटटी या कोई अन्य पेय बच्चों को नही पिलाएं। इसी तारतम्य में परियोजना बहोरीबंद के तेवरी, स्लीमनाबाद, तिहारी, लखनवारा, पड़वार के ऑंगनवाड़ी केंद्रो पर महिलाओं को स्तनपान के दौरान खानपान एवं स्वास्थ पोषण की समझाईश दी गई ताकि बच्चे का मानसिक व शारीरिक विकास उचित तरीके से हो।

### कुपोषण को दूर करने में समाज भी बने सहभागी

स्लीमनाबाद सेक्टर के आँगनबाड़ी केंद्र सलैया फाटक मे पर्यवेक्षक पुष्पा आरख ने कहा कि कुपोषण दूर करने में समाज भी सहभागी बने। समाज के सभी वर्ग इसमें सक्रिय रूप से सहयोग दें।क्योंकि कुपोषण हमारे समाज की एक प्रमुख चुनौती है। पौष्टिक भोजन के अभाव में कुछ बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास अवरूद्ध हो जाता है। अधिक कुपोषण में कुछ बच्चों की असमय मृत्यु तक हो जाती है। बालिकाओं में खून की कमी होने व कुपोषण के कारण वे भविष्य में कुपोषित बच्चों को जन्म देती हैं, इससे समाज में कुपोषण का चक्र चलता रहता है। इस चक्र को रोकने के लिये समाज की सहभागिता जरूरी है।

बच्चों मैं कुपोषण को दूर करने महिलाओं के साथ -साथ पुरुषों को भी जागरूक किया जाना जरूरी है।क्योंकि आमतौर पर बच्चों के स्वास्थ्य की चिंता करना महिलाओं की ही जिम्मेदारी मानी जाती है।जबकि पुरुष इस बारे मे या तो अनभिज्ञ बने रहते अथवा इसे प्राथमिकता नही देते। इसलिए पुरुषों को भी कुपोषण को दूर करने के प्रति सजग और जागरूक बनाना होगा। कार्यक्रम के अंत मे महिलाओ ने हाथों मे स्तनपान की प्रदर्शनी प्रदर्शित कर जागरूकता का संदेश दिया।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता मे मारी बाजी, संभाग स्तर के लिए चयन

## संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में दमखम दिखाएंगे तेवरी के खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



आयुक्त,लोक शिक्षण संचालनालय मप्र भोपाल,संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण जबलपुर संभाग के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्याम सिंह मरावी, जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप डांगीवाला,प्रमोद डेहरिया के मार्गदर्शन में संचालित शालेय खेलकूद प्रतियोगिताओं के अंतर्गत शासकीय बुद्ध सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेवरी के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बेहतर खेल का प्रदर्शन कर संभाग के लिए चयनित हुए। विद्यालय खेल प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि इन खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिताओं मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कबड्डी में U/19 में धनु कुमार शाह, अंश कुमार सोनी, U/17 सागर यादव और फुटबॉल प्रतियोगिता में U/19 में भीष्म कुशवाहा का चयन हुआ है! अब ये सभी चयनित खिलाड़ी खेल प्रभारी के मार्गदर्शन में संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

### खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

गौरतलब हो कि जिला शिक्षा अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी के निर्देशन में ग्रीष्मकालीन खेलकूद प्रशिक्षण में खेल प्रभारी महेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त किया था। खिलाड़ियों की इस सफलता पर सरपंच काजल रजक,जनपद पंचायत सदस्य सिंघई कमलेश जैन, उपसरपंच सुशील कुशवाहा, विद्यालय प्राचार्य मनोज हल्दकार, शाला परिवार व अन्य जनप्रतिनिधियों ने चयनित सभी छात्र खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया है।

## 2 करोड़ 50 लाख से स्कूलों में अतिरिक्त कक्षों व प्रयोगशाला का होगा निर्माण



बहोरीबंद विधानसभा अंतर्गत 2 करोड़ 50 लाख रूपये की लागत राशि से अतिरिक्त कक्षो व प्रयोगशाला का निर्माण होगा जिसके लिए राज्य शासन की ओर से प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गईं हैं। विधायक प्रणय पांडेय के प्रयासों से यह सफलता मिली हैं। स्कूलों मे अतिरिक्त कक्षों के निर्माण व प्रयोगशाला निर्माण हेतु विधायक प्रणय पांडेय ने शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ओर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेंटकर मांग पत्र सौपा था जिस पर शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री के आदेश पर प्रशासकीय स्वीकृति दी गईं। प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर विधायक प्रणय पांडेय ने मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से भेंटकर आभार जताया बहोरीबंद विधानसभा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डिहुटा मे 1 करोड़ 22 लाख रूपये की लागत राशि से 5 अतिरिक्त कक्ष ओर 3 प्रयोगशाला निर्माण, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल वसुधा मे 68 लाख रूपये की लागत राशि से 3 अतिरिक्त कक्ष व एक प्रयोगशाला निर्माण, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहुडी मे 42 लाख रूपये की लागत से 3 प्रयोगशाला निर्माण ओर शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल खम्हरिया मे 18 लाख रूपये की लागत राशि से एक प्रयोगशाला का निर्माण होगा।

## खितौली में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आज होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत खितौली में गुरुवार 7 अगस्त को शाम 5 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुख-दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है। जारी कार्यक्रम के अनुसार गुरूवार 7 अगस्त को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत खितौली में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अलावा गुरुवार 14 अगस्त को जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत हरदुआ कुडो में तथा गुरुवार 21 अगस्त को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत घुघरा में और गुरुवार 28 अगस्त को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत सिंनगौड़ी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा। लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 5 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

**खबर संक्षेप**

## बायोमेट्रिक मशीन में दर्ज उपस्थिति के आधार पर ही मिलेगा वेतन

**कटनी।** नगर निगम द्वारा संचालित शालाओं में शिक्षक-शिक्षिकाओं व लिपिकों की नियमित दैनिक उपस्थिति के साथ ही डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे है। इस संबंध ने निगमायुक्त नीलेश दुबे ने नगर पालिक निगम कटनी द्वारा संचालित के.सी.एस.उच्चतर माध्यमिक शाला,साधूराम उच्चतर माध्यमिक शाला एवं ए. रविन्द्रराव उच्चतर माध्यमिक शाला में शैक्षणिक एवं विद्यालयीन कार्यों में संलग्न शिक्षक-शिक्षिकाओं, लिपिक आदि संवर्गों की प्रतिदिन निर्धारित समय पर विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु बायोमेट्रिक अटेंडेंस व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है। निगमायुक्त श्री दुबे ने उक्त तीनों शालाओं के शिक्षक, शिक्षिका लिपिक व अन्य संवर्गों को अनुशासन बनाए रखते हुए निगम द्वारा बनाई गई बायोमेट्रिक अटेंडेंस व्यवस्था का पालन करते हुए उक्त सिस्टम में ही उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त श्री दुबे द्वारा जारी आदेश में तीनों शालाओं के प्राचार्य को प्रतिमाह बायोमेट्रिक मशीन में दर्ज उपस्थिति को प्रमाणित करते हुये वेतन आहरण की अनुशंसा उपरांत ही कर्मचारियों के वेतन आहरण की कार्यवाही किए जाने का लेख किया है।

## रेडक्रॉस फंड के लिए कलेक्टर को सौंपा 50 हजार का चेक



**उमरियापान।** ढीमरखेड़ा जनपद के पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं इटौली ग्राम पंचायत की सरपंच आशा प्रकाश सिंह बागरी ने कलेक्टर दिलीप कुमार यादव से मुलाकात कर रेडक्रॉस फंड के लिए 50 हजार रुपये का चेक सौंपा। पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रकाश बागरी ने जनकल्याण और आपदा पीड़ितों के लिए सहयोग की पहल करते हुए जिला रेडक्रॉस समिति को सहायता राशि प्रदान की है। बागरी लंबे समय से जनसेवा और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। बीते साल बारिश में बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों को राहत पहुचाने आर्थिक रूप से मदद करने में भी पूर्व जनपद अध्यक्ष आगे रहे। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह योगदान समाज के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर समाजसेवी रमन शुक्ला, आशीष तिवारी उपस्थित रहे।

## भदौरा विद्यालय के लिए 42.70 लाख स्वीकृत



**बड़वारा।** विधानसभा क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भदौरा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं प्रयोगशाला हेतु 42 लाख 70 हजार रु की राशि स्वीकृति किये जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव एवं शिक्षा मंत्री एवं प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया गया है। बड़वारा विधानसभा सभा क्षेत्र की आवाम विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के द्वारा विधानसभा क्षेत्र में करवाये जाने वाले विकास कार्यों से विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है।

## जिले में अब तक 726.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से बुधवार 6 अगस्त तक कुल 726.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 973 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 699.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 3.8 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है।

### स्लीमनाबाद में अंडर ग्राउंड टनल खुदाई कार्य बंधी मार्ग से निकला आगे

# आज से छोटे वाहनों के लिए आवागमन हो जाएगा प्रारंभ, भारी वाहनों पर रहेगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

बरगी व्यपवर्तन परियोजना के तहत स्लीमनाबाद में 12 किलोमीटर अंडर ग्राउंड टनल बनाई जा रही है जिसमें अप व डाउन स्ट्रीम की ओर खुदाई कार्य स्लीमनाबाद समीप पहुंच गया है। डाऊन स्ट्रीम की टीवीएम मशीन स्लीमनाबाद के पड़वार मार्ग मोहदापुरा पहुंच गईं है। वहीं अप स्ट्रीम की टीवीएम मशीन का कार्य स्लीमनाबाद तिराहा के बंधी स्टेशन मार्ग पर चल रहा था जिस कारण उक्त मार्ग पर 27 जुलाई से आवागमन पर रोक लगा दी गईं थी लेकिन 10 दिन बाद अब राहगीरों के लिए राहत भरी ख़बर सामने आई है।

स्लीमनाबाद तिराहा के बंधी स्टेशन मार्ग पर चल रहा अंडर टनल खुदाई मार्ग की सीमा को पार करते हुए आगे बढ़ गया है जिससे अब उक्त मार्ग से आवागमन शुरू हो जायेगा। संभावना जताई जा रही कि गुरुवार शाम से आवागमन शुरू हो जायेगा।

एनवीडीए एसडीओ दीपक मंडलोई ने बताया कि स्लीमनाबाद तिराहा के बंधी मार्ग





पर चल रहा अंडर ग्राउंड टनल खुदाई कार्य बंधी मार्ग की सीमा को पार कर चुका है। टनल खुदाई कार्य जहाँ से चला वहां ग्राउंटिंग का कार्य चल रहा है जो गुरुवार तक पूर्ण हो जायेगा जिसके बाद गुरुवार शाम से आवागमन के लिए मार्ग का हिस्सा खोल दिया जायेगा जिससे दो पहिया वाहन ओर चार पहिया छोटे वाहन इसी मार्ग से गुजरेंगे लेकिन बड़े भारी वाहन वैकल्पिक मार्ग छपरा से होकर ही जायेंगे।

गौरतलब है कि उक्त मार्ग के नीचे से होकर टीवीएम मशीन को खुदाई करते हुए आगे बढ़ना था, ऐसे मे किसी भी प्रकार का हादसा न हो उक्त मार्ग से आवागमन पर रोक लगा दी गईं। एनवीडीए के अमले के द्वारा मार्ग पर मिट्टी व मुरम जेसीबी से डालकर मार्ग अवरुद्ध कर दिया गया।

आवागमन के लिए दो जगहों से वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गईं थी। दो पहिया वाहन चालक कंचनपुर के बाजू से सीधे कोहका मोड़ पहुंचकर स्लीमनाबाद तिराहा आते थे ओर चार पहिया वाहन चालक सिहुडी गाँव के आगे इमालिया मोड़ के सामने छपरा मार्ग से होकर नेशनल हाइवे 30 पहुंचते है।

# जिले के लिए नीम कोटेड 813 मीट्रिक टन यूरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में वर्तमान में खरीफ फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक और रैक बुधवार को झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इसके पहले बीते मंगलवार को भी 835 मीट्रिक टन यूरिया जिले को मिली थी। इस प्रकार अब किसानों की जरूरत के लिए जिले में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता हो गई है।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से निरंतर संवाद और प्रयासों की वजह से कटनी जिले के लिए बुधवार को 813 मीट्रिक टन यूरिया की एक और रैक आ गई है। नीम कोटेड यूरिया उर्वरक की रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर लग गई है। जहां से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है।

जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 183 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 150 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 200 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी।

इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी एवं सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा को 50-50 मीट्रिक टन, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़ एवं सीएमएस बाकल को 30-30 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जायेगी। जबकि एमपी एग्रो कटनी को 60 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जायेगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

कलेक्टर ने सभी खाद दुकानों के बाहर सूचना बोर्ड अवश्य लगाने के निर्देश दिए हैं। इस बोर्ड में प्रत्येक उर्वरक की उपलब्ध मात्रा का विवरण और इसी के सामने उर्वरक की दर लिखवाने की हिदायत कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को दिया है। कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद एवं बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद एंव बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में दें।

*मुख्य सचिव मप्र शासन के नाम का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा*

# सरकार के फैसले के विरोध में अधिकारियों ने शुरू की गई अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रदेश सरकार द्वारा राजस्व अधिकारियों को न्यायिक और गैर-न्यायिक कार्यपालक मजिस्ट्रेटों में विभाजित करने की नई योजना का विरोध किया जा रहा है। इस विभाजनकारी फैसले के विरोध में मप्र राजस्व अधिकारी कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ की कटनी जिला इकाई ने मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन के नाम कलेक्टर दिलीप कुमार यादव को एक ज्ञापन कल दिया गया जिसमें इस आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई है।

अधिकारियों का कहना है कि यह योजना न केवल उनके मूल कार्यों को प्रभावित कर रही है, बल्कि इससे उनके मनोबल पर भी



नकारात्मक असर पड़ रहा है। संघ के जिला अध्यक्ष ने बताया कि जब यह योजना पहली बार प्रस्तावित की गई थी, तब संघ अधिकारियों ने इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। उस समय उन्हें मौखिक रूप से यह आश्वासन दिया गया था कि इस योजना को केवल 12 जिलों में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यह भी कहा गया था कि राजस्व न्यायालयों का विलय नहीं किया जाएगा। गैर-न्यायिक अधिकारियों को काम करने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। इन आश्वासनों के बाद, अधिकारियों ने अपना विरोध अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया था।

अधिकारियों का आरोप है कि सरकार ने अपने आश्वासन का पालन नहीं किया। इसके विपरीत, इस योजना को अब 9 और जिलों धार, भिंड, खरगौन, बालाघाट, मंदसौर, देवास, कटनी, मंडला, और रीवा में भी लागू कर दिया गया है। इस विस्तार के साथ ही, कई राजस्व न्यायालयों को आपस में मिला दिया गया है, जिससे अधिकारियों पर काम का बोझ काफी बढ़ गया है। इसके अलावा गैर-न्यायिक अधिकारियों को उनके कार्यों के लिए जरूरी स्टाफ और अन्य बुनियादी सुविधाएं नहीं दी गई हैं।

राजस्व अधिकारियों ने एक बार फिर प्रशासन से मांग की है कि इस विभाजनकारी योजना को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। अधिकारियों को उनके मूल राजस्व कार्यों से अलग करने वाले सभी आदेशों को वापस लिया जाए।

## यातायात एवं नगर निगम टीम ने की चालानी कार्रवाई



आगामी रक्षाबंधन पर्व को लेकर शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए यातायात पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम ने मंगलवार को झंडा बाजार, सराफा बाजार, गोल बाजार, खोबा मंडी एवं सुभाष चौक क्षेत्र में बेतरतीब खड़े वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। सड़क पर लोडिंग-अनलोडिंग कर रहे वाहन चालकों के विरुद्ध भी वैधानिक कार्यवाही की गई, जिससे बाजार क्षेत्रों में आवागमन बाधित न हो। अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने दुकानदारों और आमजन को जागरूक करते हुए अपील की कि वे सड़क किनारे अवैध पार्किंग से बचें और शहर को सुव्यवस्थित रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। यातायात पुलिस का यह अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा, ताकि बाजार क्षेत्रों में जाम की समस्या से निजात मिल सके और आमजन को सुरक्षित यातायात का लाभ मिल सके।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान तहत किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

साध्वी जनकल्याण समिति कटनी द्वारा पर्यावरण जागरुकता को लेकर व एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत कटनी शासकीय पालीटेक्निक महाविधालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिनको अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक भाजपा जिला उपाध्यक्ष रवि खरे एन के जे मंडल अध्यक्ष कोषलेश मिश्रा भाजयुमो मूडवारा मंडल अध्यक्ष पारस जैन पार्षद शशिकांत तिवारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आशुतोष शुक्ला



आनंदम प्रभारी अनिल कामबले आशीष मिश्रा सचिन निषाद योगेश सोनी रहे कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया साथ ही परिसर का भ्रमण कर छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की समिति की अध्यक्ष साध्वी निगम द्वारा सभी अतिथियों को मोमेंटो दिया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य एनपी डूमडूम द्वारा कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया व संचालन राजेंद्र असाटी व बाल मुकुंदमिश्रा द्वारा किया गया। इस दौरान साध्वी जन कल्याण समिति के आबिद खान एजाज खान मोहित निषाद ऋतुराज सिंह पियूष यादव , लखेरा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

*समारोह के लिए व्यवस्थाएं करने अधिकारी, कर्मचारियों को निगम आयुक्त ने सौंपे दायित्व*

# पुलिस लाईन झिंझरी में होगा स्वतंत्रता दिवस समारोह का मुख्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला मुख्यालय पर स्वतंत्रता दिवस समारोह 2025 के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन ग्राउंड झिंझरी में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इस संबंध मे कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में स्वतंत्रता दिवसस समारोह के आयोजन हेतु नगर निगम से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु निगमायुक्त नीलेश दुबे ने अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे है। निगमायुक्त ने स्वतंत्रता दिवसस समारोह हेतु निगम से संबंधित संपूर्ण कार्य व्यवस्थाओं हेतु श्री शैलेष गुप्ता उपायुक्त को प्रभारी अधिकारी नियुक्त कर संबंधित अन्य व्यवस्थाओं हेतु अधिकारियों, कर्मचारियों को दायित्व सौंपे है।

श्री दुबे ने चिन्हित ध्वजारोहण स्थलों, सार्वजनिक मार्गो, चौराहों एवं जय स्तंभ, मिशन चौक, सुभाष चौक, कचहरी चौक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद स्मारक एवं संग्रहालय भवन इत्यादि के ध्वज स्तंभों की साफ-सफाई एवं आवश्यक मरम्मत, रंगाई, पुताई कराने ,मांग के अनुरूप पुलिस लाइन ग्राउंड में बेरिकेडिंग के लिए आवश्यकतानुसार बॉस-बल्लियों की व्यवस्था करने तथा परेड स्थल का मुरूम, डस्ट से समतलीकरण कराने के निर्देश दिए है।

वहीं विशिष्ट अतिथियों, न्यायिक ,अन्य अधिकारियों एवं उनके परिवार, दर्शकों की पृथक-पृथक बैठक व्यवस्था वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए पंडाल एवं कुर्सियों की व्यवस्था करने सम्पूर्ण कार्यक्रम स्थल में मंच एवं अन्य व्यवस्थाओं हेतु जैसे टेंट, माईक, लाइट, शामियाना, साउंड सिस्टम, कुर्सी सोफा इत्यादि की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए है। इसके अलावा पुलिस लाइन ग्राउंड झिंझरी में समतलीकरण, परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए चूने की लाइनिंग, अंडरग्राउंड माइक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु गुणवत्ता के अनुरूप पर्याप्त संख्या में ध्वनि विस्तारक यंत्रों की व्यवस्था, ध्वज दंड की पुताई. साफ सफाई, विद्युत व्यवस्था, मुख्य अतिथि के लिए स्वागत प्रवेश द्वार, स्वतंत्रता दिवस समारोह संबंधी बैनर लगाने के साथ 13 अगस्त को अंतिम निरीक्षण के दौरान माईक की व्यवस्था,निर्णायक मण्डल, पुरस्कार वितरण दल एवं उद्घोषक के लिए टेबलों एवं कर्मियों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। मुख्य अतिथि के लिए बैटरी युक्त दो माईक सेट,संदेश वाचन हेतु स्टैंड की व्यवस्था,जनरेटर व्यवस्था ,स्टेज सज्जा, विगत वर्षों की भांति विभिन्न विद्यालयों में ध्वज स्तंभों की मरम्मत एवं पुताई कार्य,नगर के मार्गो के गड्ढों की भराई के निर्देश दिए है। जबकि गुब्बारे, स्वल्पाहार, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों लोकतंत्र सेनानियों, कारगिल युद्ध में शहीद की विधवाओं को सम्मानित करने हेतु शॉल एवं श्रीफल की व्यवस्था सहित उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रदान किए जाने हेतु कलेक्ट्रेट कार्यालय में उपलब्ध कराने दायित्व सौंपा है।

## महापौर ने बस स्टैंड, मैकेनिक लाइन क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण

# अव्यवस्था देख जताई नाराजगी, स्वास्थ्य महकमे को लगाई कड़ी फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने बस स्टैंड में आने जाने वाले यात्रियों सहित मैकेनिक लाइन में साफ सफाई एवं कबाड़ संबंधी प्राप्त स्थानीय व्यवसायियों की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए मंगलवार को बस स्टैंड एवं मैकेनिक लाइन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्र में पर्याप्त सफाई न पाए जाने तथा अव्यवस्था पाए जाने पर निगम के स्वास्थ्य महकमे के अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जमकर फटकार लगाई।

निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सर्व श्री सुभाष शिब्बू साहू,डॉ रमेश सोनी,श्रीमती बीना बैनर्जी, पार्षद श्रीमती शकुंतला सोनी,सीमा श्रीवास्तव, वंदना राजकिशोर यादव, पूर्व पार्षद कमलेश चौधरी भी मौजूद रहे।

बस स्टैंड एवं मैकेनिक लाइन क्षेत्र का जायजा लेकर महापौर ने कहा कि किसी भी शहर का बस स्टैंड वहां के मुख्य विकास का आधार माना जाता है। बस स्टैंड से रोजाना हजारों की संख्या में यात्रियों का आना जाना



होता है। इस तरह की अव्यवस्थाओं के व्याप्त होने से स्थानीय नागरिकों सहित बाहरी यात्रियों की नजरों में भी नगर निगम प्रशासन सहित नगर की छवि पर विपरीत असर पड़ता है। अधिकारियों को ताकीद करते हुए महापौर ने अनावश्यक पड़े कबाड़ को हटाकर नियमित रूप से क्षेत्र की साफ सफाई करने तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने की हिदायत दी।

बस स्टैंड मैकेनिक लाइन के निरीक्षण के दौरान महापौर ने क्षेत्रीय व्यवसायियों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान नियमित साफ सफाई एवं कबाड़ को व्यवस्थित करने हेतु महापौर द्वारा अधिकारियों को दिए गए निर्देश का व्यवसायियों द्वारा स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। संवाद के दौरान व्यवसायियों द्वारा महापौर श्रीमती सूरी को मैकेनिक नगर की जर्जर सड़क से आवागमन में होने वाली समस्या से अवगत कराते हुए मार्ग निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की गई। जिसपर महापौर श्रीमती सूरी द्वारा व्यवसायियों के सुगम आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए स्थल का निरीक्षण कर सड़क निर्माण का नियमानुसार प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश निगम के लोक निर्माण विभाग के क्षेत्रीय उपयंत्री को दूरभाष पर दिए गए।

### व्यवस्था में सहयोग का आग्रह

महापौर ने स्थानीय व्यवसायियों से रोजाना दुकान से निकलने वाले कचरे को डस्टबिन में रखने तथा निगम के कचरा वाहन में देने के साथ ही पुराने वाहनों एवं दुकान के अनुपयोगी कबाड़ इत्यादि सामग्री को सार्वजनिक स्थलों में नहीं रखकर क्षेत्र की सुंदरता और सफाई व्यवस्था में निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया गया।

इस दौरान नगर निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक सहित अन्य स्वास्थ्य एवं अतिक्रमण विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाने के लिए बैठक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़

स्वतंत्रता दिवस के पर्व को मनाने अनुबिभागीय अधिकारी महेश मंडलोई के निर्देशन में संयुक्त तहसील के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नगर के जनप्रतिनिधियों समस्त विभागीय अधिकारियों व विभाग प्रमुख की उपस्थिति निर्णय लिया गया जिसमें राष्ट्रीय स्मारक प्राचीन किले मैं विद्युत व्यवस्था मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण के अवसर पर बैठक व्यवस्था साउंड सर्विस संचालन व्यवस्था आगंतुक अतिथियों के लिए बैठक व्यवस्था शासकीय अशासकीय संस्थाओं के ध्वजारोहण उपरांत सार्वजनिक स्थलों एवं राष्ट्रीय ध्वजों के सम्मान विषय पर चर्चा करते हुए छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नगर में छात्र-छात्राओं द्वारा जुलूस के अंतर्गत भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक पर जोर देते हुए अनुभागीय अधिकारी मंडलोई द्वारा उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुधा कोल, उपाध्यक्ष उदय राज सिंह चौहान, मनीष देव मिश्रा श्रीमती राजेश्वरी हरीश दुबे, नगर परिषद उपाध्यक्ष हरिओम बर्मन, अधिवक्ता शिवदत्त उरमालिया, रमाकांत तिवारी, पंडित जागेश्वर प्रसाद मिश्रा, मोहम्मद लईक, बलराम गुप्ता, संतोष गुप्ता, सब लाल दुर्गा बर्मन, तहसीलदार मनीष शुक्ला, सीईओ अनुराग मोदी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष कुमार परते, बीआरसीसी सीआर मरकाम, सहायक यंत्री डीके इनवाती, बीईओ एके कोरी, प्राचार्य श्रीमती सरस्वती मिश्रा, डा0 विनोद कुमार, संतोष अग्रवाल, रामनरेश भट्ट, एन एनपी जरहा, एईओ बहादुर सिंह बाल्मीकि सहित समस्त विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### एवरेडी का मुनाफा 3% बढ़कर 30 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** बैटरी एवं अन्य उत्पाद बनाने वाली कंपनी एवरेडी इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन प्रतिशत बढ़कर 30.23 करोड़ रुपये रहा है। एवरेडी इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड ने कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 29.36 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

### पावर फाइनेंस के मुनाफे में 25 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 25 प्रतिशत बढ़कर 8,981 करोड़ रुपये रहा है। पीएफसी के एकीकृत शुद्ध लाभ में यह वृद्धि मुख्य रूप से उच्च शुद्ध ब्याज आय के कारण हुई है। पीएफसी ने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में 7,182 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

### सोने में 200 और चांदी में 500 रुपए का उछाल



**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्ट की तरफ से लगातार खरीदारी किए जाने से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले बाजार सत्र में 98,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

### पीवीआर आईनॉक्स का घाटा कम होकर 54.5 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** मल्टीप्लेक्स कंपनी पीवीआर आईनॉक्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा कम होकर 54.5 करोड़ रुपये रह गया। अच्छी विषय-वस्तु वाली फिल्मों की वजह से दर्शकों की संख्या में वृद्धि और राजस्व में बढ़ोतरी के कारण कंपनी का घाटा कम हुआ। पीवीआर आईनॉक्स लिमिटेड ने शेयर बाजार यह जानकारी दी।

### पिडिलाइट का पहली तिमाही मुनाफा 19 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** फेविकॉल बनाने वाली कंपनी पिडिलाइट इंडस्ट्रीज का वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 18.7 प्रतिशत बढ़कर 678.13 करोड़ रुपये रहा है। पिडिलाइट इंडस्ट्रीज ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 571.27 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था।

### ईआईडी पैरी का मुनाफा 464.46 करोड़ रुपए

**चेन्नई।** चीनी निर्माता- ईआईडी पैरी (इंडिया) लिमिटेड का अप्रैल-जून, 2025 तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 464.46 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। विविधीकृत समूह मुरुगप्पा समूह का हिस्सा, इस कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 225.87 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। ईआईडी पैरी (इंडिया) लिमिटेड ने यहां बयान में कहा कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में उसकी एकीकृत शुद्ध मुनाफा 1,772.54 करोड़ रुपये रहा है।

# आनंद राठी समेत 5 कंपनियों के आईपीओ को सेबी ने दी मंजूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) पर पैसा लगाने की सोच रहे हैं तो खबर आपके लिए है। दरअसल, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 5 कंपनियों के आईपीओ को मंजूरी दे दी है। इनमें से एक कंपनी आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स भी है। आनंद राठी ग्रुप की कंपनी है, जो शेयर ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म है। आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स के अलावा प्रेस्टीज हॉस्पिटैलिटी वेंचर्स, एसएसएफ प्लास्टिक्स इंडिया, गुजरात किडनी एंड सुपर स्पेशियलिटी और ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज के आईपीओ लांच होने वाले हैं। इन पांचों कंपनियों ने इस साल जनवरी से अप्रैल के बीच आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए थे।

- प्रेस्टीज हॉस्पिटैलिटी वेंचर्स, गुजरात किडनी, ईपैक प्रीफैब का आईपीओ होगा लांच

## आनंद राठी का आईपीओ 745 करोड़ रुपए के फ्रेश इश्यू पर आधारित होगा

### तीन अन्य कंपनियों का क्या है प्लान

एसएसएफ प्लास्टिक्स इंडिया की बात करें तो 550 करोड़ रुपये का आईपीओ 300 करोड़ रुपये के नए शेयरों और 250 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश में विभाजित है। ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज 300 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी जबकि उसके प्रवर्तक एक करोड़ शेयरों की बिक्री करेंगे। यह राशि राजस्थान और आंध्र प्रदेश में मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की स्थापना, विस्तार और कर्ज भुगतान में लगेगी। गुजरात किडनी एंड सुपर स्पेशियलिटी का आईपीओ 2.2 करोड़ शेयरों के नए इश्यू पर आधारित होगा। इससे जुटाई गई राशि अस्पताल अधिग्रहण, वडोदरा में नई इकाई और रोबोटिक उपकरणों की खरीद में इस्तेमाल होगी।



### वर्किंग कैपिटल के लिए इस्तेमाल होगी राशि

प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स की इकाई प्रेस्टीज हॉस्पिटैलिटी वेंचर्स 2,700 करोड़ रुपये का आईपीओ लेकर आएगी। इसमें 1,700 करोड़ रुपये के नए शेयर और 1,000 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश शामिल होगी। आनंद राठी ग्रुप की ब्रोकरेज इकाई आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स का आईपीओ पूरी तरह से 745 करोड़ रुपये के फ्रेश इश्यू पर आधारित होगा। इससे जुटाए गए 550 करोड़ रुपये वर्किंग कैपिटल और सामान्य खर्चों के लिए इस्तेमाल होंगे।

### ब्लूस्टोन ज्वेलरी आईपीओ 11 अगस्त को खुलेगा

अपने प्रमुख ब्रांड 'ब्लूस्टोन' के तहत समकालीन आभूषण पेश करने वाली कंपनी, ब्लूस्टोन ज्वेलरी एंड लाइफस्टाइल ने अपने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए 492 रुपये से 517 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। एक बयान के अनुसार, कंपनी का आईपीओ 11 अगस्त से 13 अगस्त तक बिक्री के लिए खुला रहेगा। इस आईपीओ में 820 करोड़ रुपये का नया निर्गम और 720.65 करोड़ रुपये मूल्य के 1,39,39,063 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

## आरबीआई प्रक्रिया को सुगम और मानकीकृत बनाएगा

# मृतकों के खातों, लॉकर के दावों के निपटान के लिए प्रक्रिया को सुगम बनाएगा आरबीआई

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय बैंक मृतकों के बैंक खातों, लॉकर के दावों के निपटान के लिए प्रक्रिया को सुगम और मानकीकृत बनाएगा। इस पहल का उद्देश्य मृत ग्राहकों के नामांकित व्यक्तियों के पक्ष में दावों के निपटान की प्रक्रिया को सरल बनाना है। मल्होत्रा ने कहा कि इसके अलावा, केंद्रीय बैंक, आरबीआई 'रिटेल-डायरेक्ट' मंच की कार्यक्षमता का विस्तार करने की योजना बना रहा है ताकि खुदरा निवेशक व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) के माध्यम से ट्रेजरी बिल (सरकारी प्रतिभूति) में निवेश कर सकें।

### 1949 के प्रावधानों के तहत नॉमिनी की सुविधा उपलब्ध

गवर्नर ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की जानकारी देते हुए कहा, "हम मृतकों के बैंक खातों और लॉकर में रखी वस्तुओं से संबंधित दावों के निपटान की प्रक्रिया को मानकीकृत करने के लिए कदम उठा रहे हैं। इससे निपटान अधिक सुविधाजनक और सुगम होने की उम्मीद है। बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के तहत, जमा खातों, लॉकर में रखी वस्तुओं के संबंध में 'नॉमिनी' की सुविधा उपलब्ध है।

### *पहल का उद्देश्य मृत ग्राहकों के पक्ष में निपटान प्रक्रिया सरल बनाना*

### ग्राहकों की मृत्यु पर शीघ्र निपटान होगा

आरबीआई के विकासात्मक और नियामक नीतियों पर बयान के अनुसार, इसका उद्देश्य ग्राहक की मृत्यु होने पर दावों का शीघ्र निपटान या वस्तुओं की वापसी या सुरक्षित जमा लॉकर की सामग्री को वापस दिलाना तथा परिवार के सदस्यों को होने वाली कठिनाई को कम करना है।



*दावों के शीघ्र निपटान की सुविधा मिलेगी : मौजूदा निर्देशों के अनुसार, बैंकों को 'नॉमिनी' व्यक्ति/कानूनी उत्तराधिकारियों के किए गए दावों के शीघ्र और परेशानी मुक्त निपटान की सुविधा के लिए एक सरलीकृत प्रक्रिया अपनाने की आवश्यकता है। वर्तमान में विभिन्न बैंकों में ये प्रक्रियाएं अलग-अलग होती हैं।*

### *रिटेल-डायरेक्ट मंच की कार्यक्षमता का विस्तार करने की योजना*



*नॉमिनी के खाते व लॉकर के लिए सभी बैंकों की अपनी प्रक्रियाएं : वर्तमान में, मृतक के 'नॉमिनी' व्यक्ति द्वारा खाते और लॉकर से संबंधित दावों के संबंध में सभी बैंकों की अपनी प्रणाली और प्रक्रियाएं हैं। इसी प्रकार, बिना 'नॉमिनी' वाले खातों के लिए बैंकों की प्रक्रियाओं में कुछ भिन्नता हो सकती है। इस कदम से प्रक्रिया मानकीकृत और सरल होगी। आरबीआई ने ट्रेजरी बिल (टी-बिल) में निवेश के संबंध में कहा कि इससे निवेशक अपने निवेश की व्यवस्थित योजना बना सकेंगे।*

### खुदरा निवेशकों को गिल्ट खाते खोलने की सुविधा मिलेगी

रिटेल डायरेक्ट में टी-बिलों के लिए एक स्वतः 'बिडिंग' सुविधा शुरू की गई है, जिसमें निवेश और पुनर्निवेश दोनों विकल्प शामिल हैं। इसने कहा कि इस सुविधा से निवेशकों को ट्रेजरी बिल की प्राथमिक नीलामी में बोलियां लगाने में मदद मिलेगी। 'रिटेल डायरेक्ट पोर्टल' नवंबर, 2021 में रिटेल डायरेक्ट योजना के तहत रिजर्व बैंक में खुदरा निवेशकों को अपने गिल्ट खाते खोलने की सुविधा प्रदान करने के लिए शुरू किया गया था।

### जल्द जारी किया जाएगा परिपत्र का मसौदा

आरबीआई के अनुसार, "ग्राहक सेवा मानकों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और बैंकों को प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों को मानकीकृत करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में एक परिपत्र का मसौदा जल्द ही सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया जाएगा।"

# महिंद्रा 23,000 कर्मचारियों को 500 करोड़ रुपए के 'ईसॉप' देगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- उद्योग में अपनी तरह की पहली पहल
- कारखाने में काम करने वाले कर्मचारी भी शामिल

उद्योग में अपनी तरह की पहली पहल के तहत महिंद्रा एंड महिंद्रा लगभग 23,000 कर्मचारियों के लिए एकमुश्त कर्मचारी शेयर स्वामित्व योजना (ईएसओपी) शुरू कर रही है। इनमें कारखाने में काम करने वाले कर्मचारी भी शामिल हैं।

यह योजना कंपनी की वृद्धि यात्रा में कर्मचारियों के योगदान के लिए उन्हें पुरस्कार देने को शुरू की जाएगा। महिंद्रा समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) अनीश शाह ने यह जानकारी दी। शाह ने साक्षात्कार में बताया कि इस पहल में महिंद्रा की तीन प्रमुख अनुषंगी कंपनियां - महिंद्रा एंड महिंद्रा (वाहन और कृषि क्षेत्र), महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल और महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी शामिल हैं। यह अपनी तरह का शायद पहला उदाहरण है, जब किसी बड़े भारतीय समूह ने सभी कर्मचारियों को ईसॉप की सुविधा दी है। ये शेयर प्रतिबंधित शेयर इकाइयों (आरएसयू) के रूप में दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, "मुझे इस बात की बहुत खुशी है और मुझे हमारी कंपनी की संस्कृति पर बहुत गर्व है क्योंकि ये ईसॉप कंपनी के प्रत्येक कर्मचारी के लिए हैं। यह वास्तव में कृतज्ञता का प्रतीक है, क्योंकि उनके प्रयासों से हमें बहुत अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिली है।'

### समूह का बाजार पूंजीकरण 12 गुना बढ़ा

शाह ने बताया कि इस विविधीकृत समूह का बाजार पूंजीकरण अप्रैल, 2020 से 12 गुना बढ़ा है, और समूह को लगा कि कर्मचारियों के योगदान को स्वीकार करना जरूरी है। समूह में कम से कम 12 महीने की सेवा वाले स्थायी पेरोल कर्मचारी ईसॉप पाने के पात्र होंगे।

# व्हाट्सएप का नया सुरक्षा फीचर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

त्वरित संदेश मंच व्हाट्सएप ने एक नया 'सेफ्टी ओवरव्यू' फीचर पेश किया है, जो उपयोगकर्ताओं को उन ग्रुप के बारे में सतर्क करेगा जिनमें उन्हें किसी अनजान व्यक्ति ने जोड़ा है। व्हाट्सएप ने एक बयान में कहा कि इस टूल के जरिये उपयोगकर्ता को संबंधित ग्रुप के बारे में अहम जानकारी और सुरक्षित बने रहने से जुड़े सुझाव भी मिलेंगे। बयान के मुताबिक, यदि उपयोगकर्ता चाहे तो वह अलर्ट मिलने के बाद उस ग्रुप को देखे बिना ही उससे अलग हो सकता है। इसके अलावा उपयोगकर्ता उस ग्रुप में बने रहने की जब तक खुद पुष्टि नहीं करेगा, उस ग्रुप को भी 'म्यूट' रखा जाएगा। इसके साथ ही व्हाट्सएप ने कहा कि वह उन मामलों में भी चेतावनी देने के उपाय खोज रहा है जब कोई उपयोगकर्ता अपनी संपर्क सूची से बाहर के किसी व्यक्ति के साथ बातचीत शुरू करता है।

- अनजान ग्रुप में जोड़ने पर करेगा आगाह

*धांधली के लिए चैटजीपीटी का उपयोग : इस नेटवर्क ने धांधली के लिए चैटजीपीटी से संदेश तैयार कर उपयोगकर्ताओं को व्हाट्सएप से टेलीग्राम पर भेजा, जहां उन्हें टिकटॉक वीडियो पर लाइक करने जैसे फर्जी काम दिए जाते थे और फिर क्रिप्टो निवेश के लिए पैसे मांगे जाते थे।*

## भारत फोर्ज के लाभ में 63 फीसदी की इजाफा




**नई दिल्ली।** वाहन कलपुर्जा कंपनी भारत फोर्ज का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 63 प्रतिशत बढ़कर 284 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 174 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। भारत फोर्ज ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि हालांकि, वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में उसकी कुल आय घटकर 3,958 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 4,158 करोड़ रुपये थी।

# एनएसडीएल में सूचीबद्धता के दिन 17 प्रतिशत की तेजी

**नई दिल्ली।** नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) का शेयर बुधवार को अपनी बाजार सूचीबद्धता के दिन शानदार शुरुआत करते हुए निर्गम मूल्य के मुकाबले 17 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। बीएसई पर एनएसडीएल के कारोबार की शुरुआत 880 रुपये प्रति शेयर के भाव पर हुई, जो 800 रुपये के निर्गम मूल्य से 10 प्रतिशत अधिक है। कारोबार के दौरान एक समय यह 943.85 रुपये प्रति शेयर तक पहुंच गया, जो 18 प्रतिशत की बढ़त को दर्शाता है। हालांकि कारोबार के अंत में एनएसडीएल का शेयर 17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 936 रुपये के भाव पर बंद हुआ।

*41 गुना अधिक अभिदान मिला : इसके साथ ही कंपनी का कुल बाजार मूल्य 18,720 करोड़ रुपये रहा। एनएसडीएल के 4,011 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को शुक्रवार को बोली के अंतिम दिन 41 गुना अभिदान मिला था। इसका मूल्य दायरा 760-800 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था।*

# स्थिर रेपो दर से बाजार को मिला सहारा, सेंसेक्स 166 अंक फिसला

- बाजार में शुरुआती तेजी कायम नहीं रह पाई
- आईटी और स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में रही बिकवाली



एजेंसी ⏭ मुंबई

द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा के बीच स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को शुरूआती तेजी बरकरार नहीं रह पाई और बीएसई सेंसेक्स 166 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से लगातार दूसरे दिन बाजार नुकसान में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 166.26 अंक यानी 0.21 प्रतिशत टूटकर 80,543.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 261.43 अंक तक गिर गया था।सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 शेयरों में 18 नुकसान में रहे जबकि 12 शेयरों में तेजी रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 75.35 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,574.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक एक समय 110.35 अंक तक टूट गया था। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "अमेरिका की चेतावनी से उपजे व्यापार तनावों के बावजूद घरेलू बाजार जुझारू बना रहा और निफ्टी 24,500 अंक के प्रमुख समर्थन स्तर के आसपास मजबूती से टिका रहा। हालांकि औषधि क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहा और इस क्षेत्र पर शुल्क चेतावनियों का असर दिखा।"

### अल्ट्राटेक सीमेंट रहा नुकसान में

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में सन फार्मास्युटिकल्स, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, इटर्नल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, आईटीसी और एलएंडटी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

### एसबीआई रहा लाभ में

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बीईएल, अदाणी पोर्ट्स, भारतीय स्टेट बैंक, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक शामिल हैं।

## ब्रिटानिया का क्षेत्रीय कंपनियों से मुकाबला

**नई दिल्ली।** बेकरी उत्पाद बनाने वाली दिग्गज कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने कहा है कि वह कुछ इलाकों में क्षेत्रीय कंपनियों की चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। ये क्षेत्रीय कंपनियां आक्रामक मूल्य निर्धारण और वितरकों के लिए उच्च मार्जिन के साथ बड़े ब्रांडों को कड़ी टक्कर दे रही हैं। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने कहा कि वह 'छोटे क्षेत्रों में कई लड़ाइयां लड़ने' के लिए पूरी तरह तैयार है, और इसके लिए उसने एक विशेष कोष भी बनाया है। कंपनी ने हाल में जिंस मुद्रास्फीति के प्रभाव से बचने के लिए कीमतों में वृद्धि की है और अब वह 'अच्छी स्थिति' में है। ब्रिटानिया के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक वरुण बेरी ने बुधवार को वित्तीय नतीजों पर चर्चा के दौरान कहा कि ब्रिटानिया छोटी कंपनियों के साथ मुकाबला करने के लिए कुछ खास क्षेत्रों में अतिरिक्त खर्च करने को भी तैयार है। बेरी ने कहा, "हम अच्छी स्थिति में हैं। हमने अपने लिए एक विशेष कोष भी बनाया है, ताकि जरूरत पड़ने पर हम कुछ खास क्षेत्रों और राज्यों में विशिष्ट कंपनियों के खिलाफ खर्च कर सकें। इसलिए हम क्षेत्रीय स्तर पर कई लड़ाइयां लड़ने जा रहे हैं।" ब्रिटानिया के पास मैरीगोल्ड, टाइगर, न्यूट्रीचॉइस और गुड डे जैसे लोकप्रिय घरेलू ब्रांड हैं।

## जैक मा की कंपनी ने समूची हिस्सेदारी बेच दी

# पेटीएम अब पूरी तरह से भारतीय कंपनी, चीनी स्वामित्व समाप्त

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पेटीएम की मूल कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस का स्वामित्व अब पूरी तरह से भारतीयों के हाथ में है। करीब नौ साल पहले पेटीएम के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने साक्षात्कार में कंपनी के स्वामित्व ढांचे के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में कहा था, " हम मारुति जितने ही भारतीय हैं। यह कथन जिसे कभी प्रतीकात्मक माना जाता था, अब वास्तविकता को दर्शाता है जहां पेटीएम अब भावना और शेयरधारिता दोनों ही दृष्टि से पूरी तरह से भारतीय कंपनी बन गई है। उद्योगपति जैक मा की कंपनी एंट फाइनेंशियल ने डिजिटल भुगतान मंच पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस में अपनी समूची 5.84 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 3,980 करोड़ रुपये में बेच दी है। सौदे की रूपरेखा से अवगत एक व्यक्ति ने कहा, " पेटीएम अब टाटा की तरह ही भारतीय है।" यह परिवर्तन एंटफिन (नीदरलैंड) होल्डिंग बी वी के हाल ही में बाहर निकलने के साथ आधिकारिक हो गया, जिसने एक थोक सौदे के माध्यम से पेटीएम में अपनी शेष 5.84 प्रतिशत हिस्सेदारी लगभग 3,800 करोड़ रुपये में बेच दी। इसके साथ ही कंपनी में चीनी स्वामित्व शून्य हो गया है, जो इसकी शेयरधारिता में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है। विजय शेखर शर्मा ने 2016 में भारत की विकास गाथा के प्रति पेटीएम की गहरी प्रतिबद्धता की पुष्टि की थी।

पश्चिम मध्य रेल
शुद्धिपत्र संख्या 31/2025
निविदा सं. 40252744 जिसके खुलने की तिथि 25/08/2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/88/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी इसमें निम्न संशोधन किए गए है- Tender No. & short Description: 40252744 Description: वाल्व रेगुलेटेड लीड एसिड बैटरी, Tender Opening Date: Existing Value: 70AH,110V, Valve Regulated Lead Acid% A0 (VRLA) Sealed Mantenance Free (SMF) battery (9 Nos x 12v) as per RDSO Spec No. RDSO / PE / SPEC / AC/0009-2014 (Rev 2), Modified Value: 70AH,110V,Valve regulated Lead Acid (VRLA) Sealed Maintenance Free (SMF) battery (9 Nos x 12V) as per RDSO Spec. No. RDSO/PE/SPEC/ AC/0009 2014 (Rev 2) अद्यतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट https://www.ireps.gov.in. देखें।
(हस्ता)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

खंड - I
ई - निविदा आमंत्रण सूचना
मध्य प्रदेश शासन
कार्यालय वनमण्डल अधिकारी उत्तर (सा.) वनमण्डल बालाघाट मध्य प्रदेश

ई - निविदा आमंत्रण सूचना संख्या/05/ई-टेंडरिंग/2025-26 बालाघाट, दिनांक 01-08-2025

1. वनमण्डल अधिकारी उत्तर सा. वनमण्डल बालाघाट द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित - 2022) के अंतर्गत निम्न लिखित निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | IS Specification | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | GALVANIZED STEEL BARBED WIRE TYPE A-1-THE BARBS SHALL HAVE FOUR POINTS ANDSHALL BE FORMED BY TWISTINGTWO POINT WIRES EACH TWO TURNS,TIGHTLY AROUND BOTH THE LINE WIRES MAKING ALL TOGETHER FOUR COMPLETE TURNS LINE WIRE 2.5MM, POINT WIRE 2.5 MM DISTANCE BETWEEN TWO BARBS 75 MM, CONFORMING TO IS- 278:2009 | IS 278:2009 | ₹ 135000/- | 2000/- Tax extra |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल एवं विभागीय बेवसाई www.mpforest.gov.in पर निशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है। 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 02-08-2025 बजे 10:00 PM से दिनांक 18-08-2025 बजे 11:00 AM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है। 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्तवपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी। 4. निविदा पूर्व बैठक दिनांक 13-08-2025 समय 02:00 PM को उप वनमण्डल कार्यालय उकवा (सा.) उप वनमण्डल बालाघाट में आयोजित की जायेगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते है। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे है। 5. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं। 6.ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल :- https://mptenders.gov.in

वनमण्डलाधिकारी
उत्तर सा. वनमण्डल बालाघाट
G-16778/25

# निजी स्कूलों के विरोध के बीच बोले स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह, नियमों से कोई समझौता नहीं, पालन करना ही होगा, वरना मान्यता होगी रद्द

## बच्चों की पढ़ाई नहीं रुकेगी, क्योंकि हर जगह सरकारी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


मान्यता नियमों को लेकर निजी स्कूलों के विरोध के बीच अब स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के एक बयान से हड़कंप मच गया है। स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने स्पष्ट किया है कि नियमों से कोई समझौता नहीं होगा। नियमों का पालन करना ही होगा, वरना मान्यता रद्द कर दी जाएगी। अगर स्कूल फिट नहीं हैं तो उनकी मान्यता रद्द की जा रही है। या तो नियमों का पालन होगा या फिर अव्यवस्था को मंजूरी देनी पड़ेगी और यह संभव नहीं। यह डॉ. मोहन यादव की सरकार है, यहां नियम-कायदों से ही चलना पड़ेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी बच्चे की पढ़ाई नहीं रुकेगी, क्योंकि हर जगह सरकारी स्कूल मौजूद हैं।

दरअसल, विधानसभा में मीडिया से चर्चा के दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि पहले कहा जाता था कि शिक्षा विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। अब जब हम ध्यान दे रहे हैं, तो सभी नियमों का पालन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई स्कूल मान्यता के मानकों पर खरे नहीं उतर पाए। ऐसे मामलों में बच्चों के भविष्य को देखते हुए एक साल की सशर्त मान्यता दी गई है। हमने कहा है कि आप एक साल में सभी मानक पूरे करें। लेकिन यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अगले साल मान्यता नहीं मिलेगी। मंत्री ने कहा कि हम अतिरिक्त समय दे सकते हैं, लेकिन गलत तरीके से स्कूल संचालन की अनुमति नहीं देंगे।

**यह मोहन यादव की सरकार है, यहां नियम-कायदों से ही चलना पड़ेगा: मंत्री सिंह**

कई स्कूल मान्यता के मानकों पर खरे नहीं उतर पाए

ऐसे मामलों में बच्चों के भविष्य को देखते हुए एक साल की सशर्त मान्यता दी गई




### 4,820 स्कूलों ने मान्यता के लिए आवेदन ही नहीं किया

प्राइवेट स्कूल वेलफेयर संचालक मंच सहित अन्य निजी स्कूल संगठन नए नियमों का विरोध लगातार रहे हैं। इसको लेकर निजी स्कूल संचालक 74 बंगला स्थित शिक्षा मंत्री के आवास के बाहर प्रदर्शन भी कर चुके हैं। मंच के प्रदेश अध्यक्ष शैलेष तिवारी के मुताबिक, नए नियम अव्यवहारिक है। 4,820 स्कूलों ने मान्यता के लिए आवेदन ही नहीं किया। इससे करीब 60 हजार शिक्षक बेरोजगार हो सकते हैं और आरटीई के तहत पढ़ने वाले सवा लाख से ज्यादा गरीब बच्चों की पढ़ाई खतरे में है। संचालकों के अनुसार, सबसे बड़ी समस्या रजिस्टर्ड किरायानामा है। मकान मालिक इसके लिए तैयार नहीं हैं या फिर किराया और एडवांस बढ़ाने की शर्त रख रहे हैं। इसके अलावा, सुरक्षा निधि और भारी-भरकम मान्यता शुल्क ने भी छोटे स्कूलों की परेशानी बढ़ा दी है।

## राजनीति के पंडित थे पूर्व मुख्यमंत्री द्वारका प्रसाद मिश्र : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व द्वारका प्रसाद मिश्र की जयंती पर मंगलवार को विधानसभा के सेंट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में श्रद्धेय द्वारका प्रसाद मिश्र का योगदान सदैव याद किया जाएगा। उन्हें राजनीति का पंडित कहा जाता था। पूर्व मुख्यमंत्री पंडित मिश्र ने तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियों के साथ अपने दल का नेतृत्व किया और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा परिसर में मीडिया से चर्चा में कहा कि प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्रियों को पुष्पांजलि अर्पित करने की परंपरा शुरू करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर बधाई के पात्र हैं। इस परंपरा से प्रदेश की सेवा करने वाले तत्कालीन महापुरुषों के कल्याणकारी कार्यों को नमन किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष तोमर, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंह सिंघार सहित उपस्थित मंत्री परिषद् के सदस्यों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।



## ◆ विधायक झूमा सोलंकी ने जनसंपर्क राशि लैप्स होने का मुद्दा उठाया, मामले में कार्य एवं शाखा प्रभारी इरशाद सुखी, सहायक ग्रेड 3 का निलंबन, कुछ को नोटिस





विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक झूमा सोलंकी ने उनके विधानसभा क्षेत्र के लिए आवंटित जनसंपर्क की राशि के लैप्स होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क राशि लैप्स हो जाने में जिन लोगों की वास्तविक जवाबदारी है, उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने पूछा कि अब वह राशि दोबारा मिल पाएगी या फिर नहीं मिलेगी। इस पर राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने जवाब में कहा कि मामले में कार्य एवं शाखा प्रभारी इरशाद सुखी, सहायक ग्रेड 3 का निलंबन हुआ था। तत्कालीन जिला योजना अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर, जिला योजना अधिकारी को शो कॉज नोटिस जारी किया गया था। आगे भी जांच कर लेंगे। उन्होंने कहा कि जिले के प्रभारी मंत्री को इस पर ध्यान देना चाहिए। किंतु इस पर वे ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने इस मामले में खरगोन के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग को भी घेरा। इस पर सारंग ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। इस मामले में विधायक से चर्चा कर आगे की कार्रवाई करेंगे।

## ग्वालियर किला हमारा स्वाभिमान का प्रतीक: डॉ. पाण्डेय



जबलपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने मंगलवार को विधानसभा में ग्वालियर किले और प्रदेश की अन्य ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन पर ध्यानाकर्षण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि ग्वालियर किला केवल एक किला नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर का प्रतीक है। यदि इसे व्यावसायिक दृष्टि से होटल में बदला गया तो हमारी विरासत को क्षति पहुंचेगी। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि इन ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण से युवा अपने इतिहास को जानकर गर्व महसूस करते हैं। उन्होंने सरकार से प्रदेश के धरोहरों का संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता पर किए जाने का अनुरोध किया।

### ग्वालियर किले में नहीं खुलेगा होटल

*विधायक अभिलाष पांडे ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर जवाब देते हुए धार्मिक न्यास और धर्मस्व मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि ग्वालियर किला प्रदेश की गौरवशाली विरासत का प्रतीक है और उसकी ऐतिहासिकता को अक्षुण्ण बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में ग्वालियर किले में निजी होटल खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन नहीं है।*

## खनिज मद से मिलने वाली राशि पर सदन में कांग्रेस सदस्यों ने किया शोर-शराबा





विधानसभा में प्रश्नकाल में बैतूल जिले के घोड़ाडोंगरी की विधायक गंगा उईके ने खनिज मद से होने वाले विकास कार्यों का मुद्दा उठाया। उन्होंने पूछा कि जिले को खनिज मद से किनी राशि मिली है और उससे किन क्षेत्रों में कितने के विकास कार्य कराए गए। उन्होंने 15 करोड़ रुपए से विकास कार्य कराने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का धन्यवाद दिया। इस मुद्दे पर कांग्रेस सदस्यों ने शोर मचाया। कांग्रेस का कहना था कि इसे स्पष्ट किया जाना चाहिए कि किसे, कितनी राशि दी गई है। एमएसएमई मंत्री चेतन काश्यप ने कहा कि हल्ला करने की जरूरत नहीं है। बैतूल जिले को रायल्टी की 58 करोड़ रुपए की राशि मिलती है। इस राशि से विकास कार्य कराए जाते हैं। उन्होंने कहा कि घोड़ाडोंगरी क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव आते ही विकास कार्य कराया जाएगा। दरअसल, घोड़ाडोंगरी से भाजपा विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके ने खनिज मद से आवंटित फंड के मामले में जानकारी मांगी थी। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में 15 करोड़ रुपए से काम करने की भी जानकारी दी थी। इस पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि विधायक के 15 करोड़ रुपए के काम से संबंधित मामले का जवाब दिया जाना चाहिए। इसके बाद सदन में शोर-शराबे की स्थिति बन गई। भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक गोपाल भार्गव ने कहा कि सवाल के जवाब में कहा गया है कि खनिज मद से कार्य किए जाने संबंधी कोई प्रावधान नहीं है तो क्या डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड से राशि देने पर रोक लगा दी गई है, यह स्पष्ट किया जाए। जवाब में मंत्री काश्यप ने कहा कि डीएमएफ राशि जिले में अलग से खर्च की जाती है। रॉयल्टी की राशि राज्य स्तर पर आती है और राज्य के अंदर बजट के प्रावधान के अनुसार उसका वितरण होता है।

## कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने महिला एवं बाल विकास विभाग में पदोन्नति का मामला उठाया

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान बालाघाट से कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने महिला और बाल विकास विभाग में 15 साल से सहायक ग्रेड 3, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति नहीं किए जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि कर्मचारी परेशान हैं। इससे उनकी कार्य क्षमता पर असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि झूठी व गलत जानकारी दी जा रही है। सहायक ग्रेड तीन के दो हजार कर्मचारियों को उनका लाभ नहीं मिल रहा है। जवाब में महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि जो जानकारी दी गई है, वही पूरी तरह से सही है। कोई भी झूठी जानकारी नहीं दी गई है। क्रमोन्नति की समस्त कार्रवाई जिला कार्यालय से की जाती है। इस ग्रेड के शत प्रतिशत पद पदोन्नति से भरे जाते हैं। उन्होंने कहा कि वैसे भी अभी प्रमोशन पर कोर्ट से स्टे है। जब इस मामले में अंतिम निर्णय होने के बाद ही इस पर कुछ हो सकेगा। उन्होंने कहा कि विभाग में सहायक ग्रेड दो के कुल पदों की संख्या 384 है, इसमें से 257 पद रिक्त है। जबकि सहायक ग्रेड तीन में संधारण जिलो से होता है। उन्होंने कहा कि डिटल जानकारी सदस्य को पहले ही दिया जा चुका है।

### आदिवासी और पिछड़े क्षेत्र के लोगों को बना रहे शिकार

## मानव तस्करी के छत्तीसगढ़ में बढ़ रहे मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



मानव तस्करी, विशेषकर आदिवासी और पिछड़े क्षेत्रों में, सालों से राज्य के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। बेरोजगारी और बेहतर अवसरों की तलाश में होने वाला प्रवासन इस समस्या को और भी जटिल बना रहा है, जिससे तस्करों को अपना जाल फैलाने का मौका मिल रहा है। वे आदिवासी और पिछड़े क्षेत्र के लोगों को टारगेट कर रहे हैं।

राज्य में वर्ष 2023 से फरवरी 2025 तक मानव तस्करी के करीब 39 प्रकरण दर्ज हुए हैं। इनमें से कुल पीड़ितों की संख्या 66 है, जबकि मामले में 83 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। मानव तस्करी से जुड़े जानकारों का कहना है कि सरगुजा, जशपुर, कोरबा, बलरामपुर और बस्तर जैसे सीमावर्ती जिलों में तस्करी की घटनाएं अधिक होती हैं। इन क्षेत्रों में बेरोजगारी और प्रवासन की प्रवृत्ति अधिक होने के कारण तस्कर आसानी से झांसे में लेने में सफल हो जाते हैं। इनमें से अधिकांश पीड़ित नाबालिग लड़कियां और महिलाएं हैं, जिन्हें बहला-फुसलाकर दूसरे राज्यों में घरेलू काम, जबरन श्रम या यौन शोषण के लिए भेजा गया है।

### 63 हजार से अधिक लोगों ने किया प्रदेश से प्रवासन

कामकाज की तलाश में राज्य से बड़ी संख्या में लोग पलायन करते हैं। आंकड़ों के मुताबिक जनवरी 2024 से फरवरी 2025 तक राज्य से 63 हजार से अधिक लोगों ने प्रवासन किया है। इनमें सबसे अधिक संख्या बलौदाबाजार जिले की है। यहां से करीब 13 हजार 200 लोग कामकाज की तलाश में अपना गांव छोड़कर अन्य राज्यों में गए हैं। ज्यादातर प्रवासन जशपुर, बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, रायपुर, महासमुंद, राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-गंडई-छुईखदान जैसे जिलों से होता है। पुलिस और एंटी ह्यूमन ट्रैकिंग यूनिट की सक्रियता से कई मामलों में पीड़ितों की घर वापसी हुई है। कई आरोपितों की गिरफ्तारी भी हुई है, लेकिन आंकड़े यह भी बताते हैं कि मानव तस्करी का नेटवर्क अब भी जमीनी स्तर पर काफी मजबूत है और एजेंट आज भी गांवों में सक्रिय होकर यह काम कर रहे है।

## नक्सली ढेर, हथियार समेत शव बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

बस्तर संभाग के बीजापुर जिले में गंगालूर इलाके के जंगल में नक्सलियों और सुरक्षा बलों के जवानों के बीच मुठभेड़ हो रही है। दोनों तरफ से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है।

बीजापुर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने एनकाउंटर की पुष्टि की है। एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि बीजापुर के पश्चिमी डिवीजन क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी, जिसके बाद जवानों को नक्सल ऑपरेशन के लिए भेजा गया्र। जवानों और माओवादियों के बीच रुक-रुककर मुठभेड़ चल रही है।

अब तक के ऑपरेशन में एक नक्सली ढेर हुआ है। मुठभेड़ स्थल से जवानों ने मारे गए नक्सली का शव बरामद कर लिया गया है। उसके साथ ही हथियार भी मिला है। एसपी ने बताया कि मुठभेड़ अभी चल रही है इसलिए अभियान में शामिल जवानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ज्यादा जानकारी नहीं दी जा सकती।

### एनटीपीसीः अचानक टूट गया प्लेटफॉर्म!

## 60 टन टैंक की चपेट में आकर मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

जिले के सीपत स्थित एनटीपीसी प्लांट में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। यूनिट-5 में चल रहे एनुअल मेंटेनेंस के दौरान एयर प्री हीटर का प्लेटफॉर्म अचानक भरभराकर गिर पड़ा। इसके नीचे 60 टन वजनी ऐश टैंक था, जो सीधे नीचे काम कर रहे मजदूरों पर गिर पड़ा।

हादसे में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान पोड़ी गांव निवासी घनश्याम साहू (27 वर्ष) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के समय यूनिट में बड़ी संख्या में मजदूर मौजूद थे, जिनमें से कई अब भी मलबे के नीचे दबे होने की आशंका जताई जा रही है। हादसे के तुरंत बाद एनटीपीसी प्रशासन, स्थानीय पुलिस, फायर



ब्रिगेड और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं। युद्धस्तर पर बचाव कार्य शुरू किया गया। शाम तक कुल पांच मजदूरों को मलबे से बाहर निकाला गया, जिनमें एक की मौत हो चुकी है। चार घायल मजदूरों में एक की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। इधर, जैसे ही हादसे की जानकारी ग्रामीणों को मिली, बड़ी संख्या में मजदूरों के परिजन और स्थानीय लोग एनटीपीसी गेट के बाहर जमा हो गए। परिजनों का आरोप है कि प्लांट प्रबंधन उन्हें किसी भी तरह की जानकारी नहीं दे रहा है। लोग रोते-बिलखते गेट के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। कई लोगों ने सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया है, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई है। भीड़ को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने बताया कि घटना यूनिट-5 में हुई है, जहां मेंटेनेंस का काम चल रहा था। इसी दौरान एयर प्री फिल्टर का प्लेटफॉर्म अचानक टूटकर गिर गया। नीचे मौजूद मजदूर इसकी चपेट में आ गए। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई। इस हादसे ने एक बार फिर औद्योगिक सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कुछ सप्ताह पहले मुंगेली जिले के सरगांव में एक निर्माणाधीन स्टील प्लांट की चिमनी गिरने से भी कई मजदूरों की जान जा चुकी है। अब एनटीपीसी जैसे देश के बड़े और जिम्मेदार ऊर्जा संस्थान में इस तरह की दुर्घटना होना चिंता का विषय बन गया है। प्रबंधन और पुलिस दोनों ने जांच शुरू कर दी है।

### पांढुर्ना, मऊगंज में जिला भाजपा कार्यालयों के लिए मिलेगी जमीन, राज्य मंत्रिमंडल ने दी प्रस्तावों को मंजूरी, पीएमयू सेल गठित

# जबलपुर में बनेगा 100 बिस्तर का कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, सरकार देगी जमीन

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने जबलपुर के रांझी तहसील में 100 बिस्तर वाले कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अस्पताल के लिए पांच एकड़ जमीन देने का निर्णय लिया है। इसके साथ प्रदेश के नवगठित जिलों मऊगंज और पांढुर्ना में भाजपा कार्यालय बनाए जाने के लिए भी जमीन देने का फैसला किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में मुरैना में 600 मेगावाट बिजली उत्पादन व भंडारण के मामले में सरकार की ओर से गारंटी दिए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।



### अधोसंरचना विकास के चौथे चरण को मंजूरी

विधानसभा परिसर में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में सात पुलिस कर्मचारियों और पेंशन संबंधी मामलों पर भी चर्चा के बाद उस पर प्रस्ताव के मुताबिक मंजूरी देने का फैसला लिया गया। इसके साथ बैठक में मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के चौथे चरण को मंजूरी दी गई है। साथ ही सहकारिता आयुक्त और पंजीयक सहकारी संस्थाएं भोपाल में पीएमयू सेल के गठन को लेकर चर्चा के बाद मंजूरी दी गई।

## प्रदेश में चलेगा सोलर पंप स्थापित करने का सघन अभियान: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में किसानों के खेतों पर कुसुम योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रावधानों का किसानों को लाभ दिलवाते हुए सोलर पंप स्थापना में पूर्ण सहयोग किया जाए। इसके लिए नवकरणीय ऊर्जा विभाग और सभी संबंधित एजेंसियां समन्वय से कार्य कर लक्ष्य पूर्ण करें। डॉ. यादव ने समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। बैठक में नवीन और नवकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री राकेश शुक्ला की उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में इस वर्ष सोलर पंप स्थापित करने का अभियान प्रारंभ हो चुका है। इस कार्य की प्रगति की मुख्यमंत्री ने विस्तार पूर्वक समीक्षा की।

### प्रदेश में स्थापित किए जाएंगे 10 लाख सोलर पंप

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में आगामी वर्ष तक 10 लाख सोलर पंप स्थापित किए जाएंगे। चरणबद्ध रूप से यह कार्य किया जा रहा है। किसानों को खेतों में सोलर पंप की स्थापना से जहां सामान्य बिजली के उपयोग पर होने वाले अत्यधिक व्यय से मुक्ति मिलेगी वहीं इस नवाचार से अन्य किसान भी प्रेरित होंगे। यह कार्य प्रदेश में गति प्राप्त करेगा। इसके लिए किसानों में जागरूकता बढ़ाने के प्रयास भी किए जाएंगे। आने वाले समय में यह भी संभव होगा कि किसान उत्पादित ऊर्जा का विक्रय कर सकेंगे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन एवं संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## फूड प्रोसेसिंग में अग्रणी राज्य बनने की ओर अग्रसर मध्य प्रदेश : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाकर स्वर्णिम मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए संकल्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसी लक्ष्य की पूर्ति और प्रदेश के विकास के लिए राज्य सरकार ने सभी क्षेत्रों में कार्य प्रारंभ किए हैं। प्रदेश के औद्योगिकीकरण में फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य की कृषि उत्पादकता अच्छी है और अब हम फूड प्रोसेसिंग में अग्रणी राज्य बनने की ओर अग्रसर हैं। मंगलवार को राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्था में 'समृद्ध एफपीओ-आत्मनिर्भर किसान-विकसित भारत' संकल्प के अंतर्गत एफपीओ फेडरेशन मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित 'एफपीओ डायरेक्टर समिट-2025' को संबोधित कर रहे थे।



### फूड प्रोसेसिंग 5 से बढ़ाकर 95 प्रतिशत करने का लक्ष्य

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने फूड प्रोसेसिंग को 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 95 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ किसानों को फूड प्रोसेसिंग से जोड़ा जा रहा है। मालवा अंचल में आलू चिप्स निर्माण के लिए बड़ा उद्योग स्थापित किया जा रहा है। औद्योगिकरण में एफपीओ की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है।*

खबर संक्षेप

## मैजिक बॉक्स से जांची मिठाईयों की गुणवत्ता

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित मिठाइयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरीक्षण कार्यवाही करते हुए हटा नगर स्थित विभिन्न मिठाई दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। कार्यवाही में हटा में बड़ा बाजार स्थित गफलू स्वीट्स से कलाकंद, दुर्गा स्वीट्स से खोवा पेड़ा,मंदिर मस्जिद चौराहा स्थित बजरंग स्वीट्स से मिल्क केक एवं आजाद वार्ड स्थित न्यू बजरंग स्वीट्स से मलाई बर्फी के नमूनें जांच हेतु लिए गए । इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। मौके पर सभी मिठाई दुकानदारों को ग्राहकों को शुद्ध एवं सुरक्षित मिठाई एवं नमकीन विक्रय करने के निर्देश दिए गए। मौके पर सभी मिठाई दुकानदारों को ग्राहकों को शुद्ध एवं सुरक्षित मिठाइयां विक्रय करने के निर्देश दिए गए। मैजिक बॉक्स से खोवा,कलाकंद,मिल्क,केक,मलाई बर्फी,खोवा पेड़ा की गुणवत्ता की ऑन द स्पॉट जांच की गई।

## ब्लू राय बने जिला उपाध्यक्ष

**हटा।** विश्व हिन्दू परिषद ने संगठन विस्तार करते हुए दमोह जिला से कुछ नवीन दायित्व की घोषणा हुई जिनमें हटा नगर के सक्रिय कार्यकर्ता पूर्व खंड प्रमुख बबलू राय (कक्का जू) को विश्व हिंदू परिषद का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। बबलू को उनके मित्रों शुभचिंतकों कार्यकर्ताओं ने बधाई शुभकामनाएं दी।

## 744.2 मिमी वर्षा दर्ज

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 744.2 मि.मी. अर्थात 29.2 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 130.8 मि.मी. अर्थात 5.1 इंच अधिक है। इसी अवधि में गत वर्ष 613.4 मि.मी. अर्थात 24.1 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा जबेरा में 855.0 मि.मी. दर्ज की गई है। जिले की औसत वार्षिक औसत वर्षा 1246.6 मि.मी. है। भू-अभिलेख अधीक्षक वर्षा दुबे ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 803.0 मि.मी., हटा 729.1 मि.मी., जबेरा में 855.0 मि.मी., पथरिया 811.0 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 709.6 मि.मी, बटियागढ़ 643.0 मि.मी. तथा पटेरा में 659.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

## डॉ. प्रेमलता नीलम की बुंदेली पुस्तक ई कुदाऊं हेरो का हुआ लोकार्पण

**दमोह।** हिन्दी भवन म.प्र.राष्ट्र भाषा प्रचार समिति हिन्दी भवन के सभागार भोपाल मे राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात विद्वान साहित्यक विमर्श आयोजित हुआ जिसमे अंतरराष्ट्रीय कवयित्रि डॉ. प्रेमलता नीलम की चौदहवीं बुंदेली कृति ई कुदाऊं हेरो का लोकार्पण न्यायमूर्ति डी एस धर्माधिकारी. के कर कमल से लोकार्पण हुआ जिसमें मंत्री संचालक कैलाश चन्द्र पंत ,डॉ सूर्यप्रसाद दीक्षित, श्रीराम परिहार महेश सक्सेना अनीता सक्सेना की उपस्थित रही अध्यक्ष धर्माधिकारी जी ने कहा यह बुंदेली काव्य संग्रह सम्पूर्ण बुंदेलखंड के दर्शन करवाती है, वीरों की गाथा, लोक-संस्कृति, धार्मिक स्थलों का वर्णन है ,पंत जी ने बुंदेली रचनात्मक पुस्तक की प्रशंसा की, कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय सक्सेना ने किया।

### विरागोदय तीर्थ क्षेत्र में चातुर्मास में बह रही धर्म की गंगा

# क्षमा का नाम ही धर्म है - विशुद्ध सागर जी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

विरागोदय तीर्थ क्षेत्र धर्मधाम में चातुर्मास कर रहे पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी मुनिराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुये कहा कि दया,करूणा, सत्य,अहिंसा ब्रह्मचर्य,का पालन वही कर सकता है जो मोह को शून्य कर रहे है जो व्यक्ति मोह-माया से दूर हो रहे है। वही अहिंसा का पालन कर सकता है। मोह, व्यक्ति को क्रोध, ईर्ष्या, और अन्य नकारात्मक भावनाओं की ओर ले जाता है, जो हिंसा का कारण बनते हैं। इसीलिए मोह की सत्ता में स्यादवाद शून्य हो जाता है विशाल,विवेक,दया दृष्टि एक में मुमुक्षु को होना अनिवार्य है इनके अभाव में विशाल दृष्टि नहीं है तो क्रूरता, विवेक नहीं है तो अज्ञानता आ जाती है। जो मोक्ष मार्ग में बाधक है। पटटाचार्यश्री ने कहा कि क्षमा का नाम ही धर्म क्षमा भाव भीतर से रखते हैं तो प्रत्येक प्राणी के प्रति कसाय के कारण बैर भाव समाप्त हो सकता है और जिसके जीवन में क्षमा धर्म आ जाता है उसके भीतर कठोरता नहीं रहती है। क्षमा और कठोरता कभी एक साथ नहीं रहती है । क्षमा भाव भीतर से रखते हैं तो प्रत्येक प्राणी के प्रति कसाय के कारण बैर भाव समाप्त हो सकता है और जिसके जीवन में क्षमा धर्म आ जाता है उसके भीतर कठोरता नहीं रहती है। क्षमा और कठोरता कभी एक साथ नहीं रहते है । पटटाचार्यश्री ने कहा कि कि उत्साह-उमंग उत्साह के बिना किसी भी कार्य में सफलता सम्भव नहीं ,जहां उत्साह, उमंग होती है, वहाँ विपरीत परिस्थिति भी स्वयमेव अनुकुल हो जाती हैं। हुलक ,झलक स्वयमेव दिखाई देती है। सज्जन पुरुष किसी भी घटना पर उत्ताबले नहीं होते, वह धैर्यपूर्वक, सोच-समझकर निर्णय लेते हैं। आचार्य श्री ने कहा कि किसी भी व्यक्ति या घटना से तुरन्त प्रभावित नहीं होना चाहिए। जीवन में विवेक उत्साह और धैर्य बहुत आवश्यक है। उत्कर्ष के लिए उमंग होना चाहिए। हम जैसा सम्मान स्वयं चाहते हैं वैसा ही हमें सभी का यथा-योग्य सम्मान करना चाहिए। जितना कष्ट व्यक्ति को अस्त्र-शस्त्र के प्रहार से नहीं होता, उससे भी अधिक पीडा अपमान की होती है। सज्जन जहाँ जाते हैं वहाँ की रीति-नीति पहले समझते हैं, जो रीति-नीति सीखकर जीवन जीते हैं, वह सबके प्रिय हो जाते हैं। जो रीति-नीति शून्य होकर जीवन जीता है, वह सर्वत्र अपमान एवं तिरस्कार को प्राप्त होता है। सम्मान चाहिए, तो सम्मान देना भी सीखो । विनम्रता, विवेक, मधुर सम्भाषण सज्जनों की कुल-विद्या है। सज्जन विपत्ति आने पर भी नम्रता नहीं जिन भावों से बंध होता है, उन्हीं भाषों से निबन्धता प्राप्त कर सकते हो। पवित्र भावों से शुभ एवं अशुभ भावों से अशुभकर्म-बंध होता है। जिन पैरों से आप दुनिया में घूमते हो, उन्हीं पैरों से आप मंदिर जा सकते हो। जिन आँखों से नारियों को निहारते हो, उन आँखों से आप निग्रन्थ मुनियों को भी निहार सकते हो। जिन हाथों से आप भोजन करते हो, उन हाथों से किसी की सेवा भी कर सकते हो, दान भी दे सकते हो। जिन कानों से व्यर्थ की बातें सुनते हो, उन कर्णो से गुरुवाणी भी सुन सकते हो। परस्पर में झगड़ा, कलह करने वाले महा-हिंसक होते हैं। ईर्ष्या मत करो, अपने गुणों की वृद्धि करो। किसी के चाहने से किसी का अशुभनहीं होता है, परन्तु अशुभ सोचने से अशुभ कर्म का आसव अवश्य होता है। संतान को संभलना तो जानवर भी जानते हैं, परन्तु अपने परिणामों को संभालने का पुरुषार्थ करो। जो परिणामों को संभाल लेता है, वह भविष्य में श्रेष्ठ कुल को प्राप्त करता है।

मुनिश्री अनुत्तर सागर जी महाराज का 48 वां अवतरण दिवस मनाया गया। इस अवसर मुनि अनुत्तर सागर जी महाराज की प्रेरणा एवं निर्देशन में एवं दर्शन उपाध्याय के सहयोग से डा पटटाचार्य श्री विशुद्द सागर जी का डॉक टिकिट जो कर्नाटक सरकार व डाक विभाग द्वारा जारी का विमोचन किया गया।

### आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करने गये अधिकारी चले पैदल

# घुघरी ग्राम तक जाने नहीं है सड़क, तीन किमी पैदल चलकर जाना पड़ता है गांव





हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

पटेरा जनपद की ग्राम पंचायत बमनी का ग्राम घुघरी जहां आदिवासी परिवार निवास करते है। शासन के निर्देशानुसार यहां आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है जो कार्यकर्ता के निवास पर लगता है। ग्रामवासियों को आवश्यकता का सामान लेने या दर्द बीमारी में तीन किमी पैदल चल कर ही मुख्य सड़क तक पहुंचने पर साधन मिलता है तब कुम्हारी बाजार से सामान खरीदते है व बीमार अपना इलाज कराते है। ग्राम पंचायत सरपंच सचिव ने यहां सड़क बनाने के लिये कोई प्रयास नहीं किये।

पटेरा परियोजना के प्रभारी परियोजना अधिकारी व जिला अधिकारी अनिल जैन ने जब इस केंद्र का निरीक्षण करना चाहा तो अपनी गाड़ी खड़ी कर करीब तीन किमी पैदल चले तब केंद्र पहुंचे व केंद्र का सुचारू संचालन पाया। अधिकारी को अपने बीच पा कर ग्रामवासी ने परेशानी से अवगत कराया। इस दिशा में शीघ्र सडक की मांग ग्रामवासियों ने क्षेत्रीय विधायक व जनपद के अधिकारियों से की है। दमोह के राजनैतिक व प्रतिष्ठित परिवार यहां समीप ही खेती भी करते है पर सड़क के लिये प्रयास नहीं किया।

## मदिरा दुकानों पर लगेंगे सीसीटीवी, निगरानी नियंत्रण कक्ष से होगी

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में आबकारी विभाग की समन्वय बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला आबकारी अधिकारी श्री खरे सहित जिले की मदिरा दुकानों के ठेकेदार मौजूद रहे। जिला आबकारी श्री खरे ने कहा बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार समस्त मदिरा दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल कराये जायें एवं रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाये, जिनकी निगरानी नियंत्रण कक्ष से की जायेगी। कैमरों का नियंत्रण अनुभाग स्तर एवं नियंत्रण कक्ष से किया जायेगा, ताकि डिजीटल निगरानी तंत्र को सक्रिय रखते हुये अवैध शराब विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा निर्धारित समय सीमा के बाहर शराब विक्रय ना की जाये, अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जायेगी। कुछ शराब दुकानों में रात्रि विश्राम करने वाले व्यक्तियों द्वारा अवैध शराब विक्रय में संलिप्तता पाई गई है, अतः दुकान संचालन समय के पश्चात दुकानें पूर्णतः बंद रखी जाय। उन्होंने कहा रात्रि में किसी भी प्रकार की गतिविधि पर प्रतिबंध रहेगा। रात्रि में मदिरा दुकान बंद होने के पश्चात कोई भी व्यक्ति दुकान के अंदर नहीं रहेगा, ना ही अंदर सोयेगा। उन्होंने कहा उपरोक्त निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। निर्देशों का पालन न किये जाने की स्थिति में कठोर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# शासकीय पशु चिकित्सालयों में सहायकों के भरोसे इलाज, अवैध वसूली के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



क्षेत्र में शासकीय पशु चिकित्सा सेवाओं को लेकर गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। स्थानीय पशुपालकों ने आरोप लगाया है कि शासकीय पशु चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदान करने के बजाय प्राइवेट असिस्टेंटों को भेजकर उनसे अवैध रूप से फीस वसूल रहे हैं। यह स्थिति क्षेत्र के पशुपालकों के लिए परेशानी का सबब बन रही है, क्योंकि सरकारी योजनाओं के तहत निःशुल्क या रियायती दरों पर उपलब्ध सेवाएं अब महंगी पड़ रही हैं। पशुपालकों की शिकायतें तेंदूखेड़ा के कई गांवों के पशुपालकों ने बताया कि स्थानीय पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्सकों की अनुपस्थिति आम बात हो गई है। पशुओं के इलाज के लिए जब वे चिकित्सालय पहुंचते हैं, तो उन्हें प्राइवेट असिस्टेंटों या अनट्रेंड व्यक्तियों द्वारा उपचार के लिए भेजा जाता है। इन असिस्टेंटों द्वारा उपचार के नाम पर 200 से 500 रुपये तक की फीस वसूली जा रही है, जबकि मध्य प्रदेश पशुपालन विभाग की नीतियों के अनुसार टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, और सामान्य उपचार जैसी सेवाएं निःशुल्क या न्यूनतम शुल्क पर उपलब्ध होनी चाहिए। स्थानीय पशुपालक रुकमण ने बताया, "हमारे गाय बीमार होने पर सरकारी पशु चिकित्सालय डॉकटर को कॉल करते हैं तो जाते हैं, लेकिन वह सरकारी चिकित्सक की जगह प्राइवेट असिस्टेंटों को गाय का इलाज करने भेजते हैं उनके असिस्टेंट आकर इलाज करते हैं और पैसे मांगते हैं। यह सरकारी सुविधा का दुरुपयोग है।" एक अन्य पशुपालक ने कहा, "लंपी स्किन जैसी बीमारियों के लिए टीकाकरण मुफ्त होना चाहिए, लेकिन हमें इसके लिए भी भुगतान करना पड़ रहा है।" शासकीय नीतियों का उल्लंघन मध्य प्रदेश पशुपालन विभाग के अनुसार, राज्य में पशुधन के संरक्षण और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। इनमें निःशुल्क टीकाकरण, रोग निदान, और मोबाइल वेटरनरी यूनिट (MVU) जैसी सुविधाएं शामिल हैं। हाल ही में शुरू की गई MVU योजना के तहत, पशुपालक टोल-फ्री नंबर 1962 पर कॉल कर घर पर ही पशु चिकित्सक की सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं, जिसके लिए बड़े पशुओं (गाय, भैंस, आदि) पर मात्र 150 रुपये का शुल्क निर्धारित है। लेकिन तेंदूखेड़ा में इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, और पशुपालकों से इससे कई गुना अधिक राशि वसूली जा रही है। स्थानीय प्रशासन की चुप्पी स्थानीय पशुपालकों ने इस मुद्दे को कई बार स्थानीय प्रशासन और पशुपालन विभाग के अधिकारियों के सामने उठाया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

## दमोह के उत्पादों को राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाया जा सकता हैः कलेक्टर

**दमोह।** जिला प्रशासन एवं उद्योग विभाग द्वारा एक विशेष कार्यक्रम ₹उद्योग संगम₹ का आयोजन पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, लघु उद्योग भारती के प्रदेश पदाधिकारी अरूण कुमार सोनी, सिद्धार्थ मलैया, एमपीआईडीसी निदेशक आर्दश नायक एवं एमएसएमई भोपाल से पधारे उप संचालक भोपाल राजेश्वर राव गोरखेड़े, हैड ऑफ स्टार्टअप सेल से श्रीमती आभा ऋषि सहित अन्य विषय विशेषज्ञों द्वारा जिले के उद्योग जगत से जुड़े नागरिकों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा जिला प्रशासन ने यह वर्कशॉप आयोजित की हैं। उद्योगपतियों की यहां जिले की बहुत लंबे समय से मांग थी कि उद्योग लगाने के संबंध बड़े उद्योग हो, मध्यम, कुटीर उद्योगों के सबंध में एक उद्योग संगम आयोजित किया गया हैं। उन्होंने कहा इस संगम में वाणिज्य उद्योग विभाग, मध्य प्रदेश शासन, एमएसएमई विभाग, मध्य प्रदेश शासन, सिडबी, डिक्की और बैंकर्स अलग-अलग स्टेकहोल्डर्स इंडस्ट्री, वह सब लोग यहां पर आए और कार्यशाला में अपना पूरा प्रेजेंटेशन दिया हैं। राज्य सरकार की नई पॉलिसी हैं उनके बारे में भी सभी उद्योगपतियों को डिटेल में बताया जा रहा है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा लगभग 200 की संख्या में यहां पर युवा, स्टार्टअप चलाने वाले उद्योगपतिगण सभी लोग यहां पर आए। यह दमोह के लिए पहला कदम है। उन्होंने कहा एक कैंप स्टार्टअप के लिए यहां पर लायें। इसके बाद आगे की स्टेप्स में कैसे एक औद्योगिक पार्क को बेहतर बनाया जा सकता है और कैसे सुविधाओं को और बेहतर किया जा सकता है, कैसे दमोह के उत्पादों को राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाया जा सकता है, इस संबंध में काम करने का तेजी से प्रयास करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा इंडस्ट्रीज, उद्योगों, व्यापारियों और सरकार के बीच लघु उद्योग भारती एक सेतु का काम कर रहा हैं, व्यापारियों की छोटी-छोटी समस्याएं, जिनके बारे में कभी सोचा नहीं जाता था, प्रशासन और शासन तक उस विषय को पहुंचाना लघु उद्योग भारती उस काम को कर रहा हैं। सरकार ने दमोह में उद्योगों के विकास से सबंधित विभिन्न क्षेत्रों में काम भी किया है। पानी की सुलभता चाहे सतधरू या पंचमनगर के माध्यम से हो, जमीनों की उपलब्धता मारूताल इंडस्ट्रियल एरिया के माध्यम या हटा में भी तैयारी चल रही हैं। एक बहुत अच्छी सूचना यह भी है कि दमोह में बड़े व्यापार के लिए भी प्रयास चल रहे हैं।

# मध्यप्रदेश स्थाई कर्मी कल्याण संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

**दमोह।** जिले के जनजाति कार्य विभाग में कार्यरत स्थाई कर्मी और अंशकालीन कर्मचारियों ने मध्य प्रदेश स्थाई कर्मी कल्याण संघ के माध्यम से जिला संयोजक महोदय को ज्ञापन सौंपा है। इसमें उन्होंने रक्षा बंधन से पहले वेतन भुगतान सहित कई महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान की मांग की है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगें वेतन भुगतानः स्थाई कर्मियों और अंशकालीन कर्मचारियों को रक्षा बंधन से पहले वेतन भुगतान किया जाए। डी.ए. एरियर भुगतानः स्थाई कर्मियों को शासन के आदेश अनुसार डी.ए. वृद्धि पर एरियर राशि का भुगतान 15.03.2024 से आज तक नहीं हुआ है। वर्दी और कोट स्थाई कर्मियों को विगत 10 वर्षों से वर्दी और कोट नहीं मिले हैं। अंशकालीन कर्मचारियों का वेतनः अंशकालीन कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान की स्वीकृति दी जाए। संध्या रानी का वेतन अंतरः स्थाई कर्मी संध्या रानी के वेतन में आए अंतर की राशि का भुगतान किया जाए। अगर इन मांगों पर विचार नहीं किया गया तो कर्मचारी संघ ने 05.09.2025 को आंदोलन करने की चेतावनी दी है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वाले पदाधिकारीः मध्य प्रदेश स्थाई कर्मी कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष बबलू ठाकुर के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने वालों में उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, कार्यालय सचिव रूपनारायण विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष श्री रानू यादव, प्रचार मंत्री वीरेंद्र कुमार जाटव, जागेश्वर तिवारी, कीरत सिंह ठाकुर, प्रवीण रावत, विभागीय अध्यक्ष दुर्जन लाल अंगद सिंह'कमोद देवेंद्र चौबे विजय सीग खरगराम बबलू जैन मीराबाई झुनकारी बाई सीताबाई उर्मिला शामिल थे। मध्य प्रदेश में जनजाति कार्य विभाग के कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलने की खबरें सामने आई हैं। फरवरी 2025 में विभाग के आयुक्त ने 8 माह का लंबित वेतन 25 फरवरी तक देने के आदेश जारी किए थे। शासन और प्रशासन इस मामले पर गंभीरता से विचार कर रहा है।



## बस की टक्कर मे युवक की मौत

**हिण्डोरिया।** नगर के वार्ड 08 निवासी 40 वर्षीय जाकिर हुसैन उर्फ बन्टू खान पिता काले खान दमोह से हटा की ओर जाने वाली श्री बस सर्विस यात्री बस मे सवार होकर जब अपने घर जाने के लिये मदार चिल्ला के पास बस से उतर रहे थे तभी अचानक वे बस की चपेट में आ गये। बस उनकी कमर एवं जांघ के ऊपर से निकल गई। परिजन उन्हें स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये। जहाँ उनको प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होते देख डाक्टर ने उन्हें जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया। यहाँ बन्टू खान की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। जिला चिकित्सालय मे पुलिस व्दारा मामला शून्य पर कायम कर मृतक का पीएम कराया गया। बुधवार को मृतक को स्थानीय कब्रिस्तान में दफनाया गया। मृतक नगर के ताम्रकार होटल मे बतौर मजदूर कार्यरत था। मृतक बन्टू खान के परिवार मे पत्नि सहित दो बेटियां हैं। पूरा परिवार मृतक पर निर्भर था।

# समय पर खाद नहीं मिली तो करेंगे बड़ा आंदोलन



**दमोह।** जिले में लगातार खाद की कमी एवं कालाबाजारी को लेकर दमोह के युवाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अर्धनग्न प्रदर्शन करते हुए प्रशासन की नाकामियों को उजागर करते हुए तीखा व्यंगात्मक प्रदर्शन करते हुए कहा कि खाद को लेकर जिले के किसानो में आक्रोश व्याप्त है। कुछ ही दिन माह में खाद को लेकर तेन्दूखेड़ा दमोह में उग्र प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम तक किया था गत दिनों जिला कलेक्ट्रट के सामने युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दृगपाल सिंह ने अर्धनग्न प्रदर्शन करते हुए कहा कि दमोह के विधायक जयंत मलैया राज्यमंत्री लखन पटेल, राज्यमंत्री धर्मेन्द्र लोधी, सांसद राहुल लोधी एवं हटा विधायक उमादेवी खटीक जब इतने नेतागढ़ भाजपा के इस जिले में है और किसान खाद के लिये परेशान हो रहा है तब यह एसी कमरो में बैठकर किसानों को आत्महत्या जैसे कदम उठाने पर मजबूर कर रहे है उन्होनें चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द ही खाद उपलब्ध नहीं कराई गई तो वह प्रत्येश ब्लाक पर आमरण अनशन करने मजबूर होगें न ही उनके साथ पहुंचे युवा जो गले में तखती टांगे हुए थे कि किसानों के शासन प्रशासन से कहां कि वह किसान है उनके पेट पर लात मत मारो इस प्रदर्शन में प्रमुख्य रूप से दृगपाल लोधी एवं नगर पालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा, किसान कांग्रेस अध्यक्ष नितिन मिश्रा, पप्पू कुशवाहा, शैलेन्द्र सिंह, विक्की लोधी, वीर सिंह, महाराज सिंह, प्रमोद अहिरवार, खिल्लु ठाकुर, तरवर लोधी, पूरन सिंह, शहबाज खान, सुरेन्द्र लोधी, भीष्म नारायण पटेल, बसंत राय, राजकुमार सिंह, विक्रम सिंह, अरविन्द सिंह सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद रहें।

## नौ दिवसीय रामधुन का समापन



**गैसाबाद।** क्षेत्र के सुप्रसिद्ध प्राचीन श्रीराम मंदिर में 28 जुलाई से 5 अगस्त तक चली नौ दिवसीय सीताराम सीताराम के नाम की अखंड रामधुन का समापन पूर्ण आहुति एवं विशाल भंडारे के साथ समापन किया गया। नौ दिनों तक आसपास के गांव की कीर्तन मंडलियों द्वारा एवं ग्राम वासियों द्वारा श्री राम मंदिर में पहुंचकर जगत के पालनहार श्री सीताराम प्रभु के नाम का जप करके अखंड रामधुन को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया। समस्त ग्राम वासियों के जन सहयोग से शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। इस धार्मिक कार्यक्रम के समापन पर ग्राम के वरिष्ठ जनो एवं श्री राम मंदिर के पुजारी गणेश पांडे ने समस्त श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों का आभार व्यक्त किया।

## सांदीपनि विद्यालय में संस्कृत सप्ताह का आयोजन

**जबेरा।** स्कूल शिक्षा विभाग एवं मध्य प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार शासकीय सांदीपनि विद्यालय जबेरा में बुधवार से संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके प्रथम दिवस एवं शुभारंभ अवसर पर पर विद्यालय के सभी सदस्यों का तिलक लगाकर संस्कृत सप्ताह की शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर प्रमोद कुमार एवं रामकिशोर शर्मा द्वारा संस्कृत भाषा में किया गया। वहीं कार्यक्रम में सुचित्रा मिश्रा द्वारा संस्कृत के महत्व पर उद्बवोधन दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य संजय बाजपेई एवं उपप्राचार्य अजय सिंघई द्वारा संस्कृत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संस्कृत सप्ताह की विस्तार से जानकारी दी गई।



कार्यक्रम के अंत में डॉ प्रमोद कुमार ने संस्कृत भाषा के माध्यम से भाषा की उपयोगिता बताई एवं शिक्षक उमेश शर्मा ने संस्कृत विषय और संस्कृत के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आभार विवेक जैन द्वारा व्यक्त किया गया साथ ही सभी छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर शिक्षक पप्पू राय, मुकेश नामदेव, माखन साहू, विनोद पटेल, मुन्नी ठाकुर, अर्चना खरे, विभा तिवारी, दुर्गा पटेल, सुखनंदन साहू, राम मनोहर पाल, प्रीति सुमन, रिंकी साहू सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

रनेह में इंसानियत की मिसाल

# घायल बछड़े को बचाने रात में दौड़े थाना प्रभारी और गौसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह



रनेह क्षेत्र के पास आवारा कुत्तों के झुंड ने एक नन्ही बछिया पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। घटना की सूचना जागरूक युवा सचिन साहू ने तुरंत पुलिस को दी, जिस पर नाइट गश्त में मौजूद थाना प्रभारी चंदन सिंह, आरक्षक श्रीराम और सुरभि गौ सेवा समिति सक्रिय हुए। सूचना पर तेजी से एक्शन लेते हुए हटा गौ समिति के अंशुल तिवारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल बछड़े को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। थाना प्रभारी चंदन सिंह ने न केवल घायल बछड़े को सड़क से हटवाया, बल्कि मौजूद स्टाफ और आमजन की मदद से उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। यह रात में की गई सेवा न केवल पशु प्रेम की मिसाल है, बल्कि पुलिस की मानवीय संवेदनाओं की भी परिचायक है। गौसेवा और पुलिस प्रशासन का यह सहयोगात्मक प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश देता है कि सेवा का कोई समय नहीं होता, जरूरत हो तो हर घड़ी मदद के लिए आगे आना ही असली मानवता है।